Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 78 ● वर्ष : 12 ● रायपुर, शुक्रवार 06 सितंबर 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



कल की आशा में सोने वाला व्यक्ति कभी जाग नहीं सकता।
A man who sleeps in the hope of tomorrow can never get up.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

**शिक्षक दिवस** राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने राजभवन में वर्ष 2023-24 के उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया

## विद्यार्थियों को बड़ा सपना देखने प्रेरित करें शिक्षक : राज्यपाल रमेन डेका

### प्रतिभाओं के विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राज्यपाल श्री रमेन डेका और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज शिक्षक दिवस के अवसर पर राजभवन गरिमामयी समारोह में वर्ष 2023-24 के उत्कृष्ट शिक्षकों को राज्य स्तरीय सम्मान प्रदान किया। राज्यपाल श्री डेका ने कहा शिक्षक विद्यार्थियों को बड़ा सपना देखने प्रेरित और पूरा करने प्रोत्साहित करें। उन्होंने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों की भी शिक्षा देना सुनिश्चित करें।

राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने वर्ष 2023-2024 के लिए सभी सम्मानित शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रदेश के तीन महान साहित्यकारों के नाम पर 03 शिक्षकों को राज्य शिक्षक सम्मान स्मृति पुरस्कार तथा 52 शिक्षकों को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने राज्य शिक्षक सम्मान वर्ष 2024-25 के लिए चयनित 64 शिक्षकों के नामों की घोषणा की।

राजभवन के दरबार हॉल में आज आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में तीन उत्कृष्ट शिक्षकों बिलासपुर जिले की डॉ. रश्मि सिंह धुर्वे को डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी स्मृति पुरस्कार, कबीरधाम जिले के श्री राजर्षि पाण्डेय को डॉ. मुकुटधर पाण्डेय स्मृति पुरस्कार और दुर्ग जिले की डॉ. श्रीमती सरिता साहू को डॉ. बलदेव प्रसाद मिश्र स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस तरह प्रधान पाठक, व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., शिक्षक एल.बी., सहायक शिक्षक, सहायक शिक्षक एल.बी वर्ग के 52 शिक्षकों को राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

इस गरिमामय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री रमेन डेका ने कहा कि आज हर क्षेत्र में क्रांति हो रही है और शिक्षा के क्षेत्र में भी क्रांति हो रही है। शिक्षक इस क्रांति का एक हिस्सा है। शिक्षकों के पढ़ाने का तरीका बदल गया है, लेकिन इस बदलाव के साथ-साथ शिक्षा के गुणवत्ता पर भी ध्यान देना होगा। बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास करने की जवाबदारी भी शिक्षकों की है।

श्री डेका ने कहा कि माता-पिता एक बच्चे को जन्म देते हैं जबकि शिक्षक उस बच्चे के व्यक्तित्व को गढ़ते हैं और उसे उज्ज्वल भविष्य प्रदान करते हैं। शिक्षा के अलावा, शिक्षक बेहतर इंसान बनने के लिए मार्गदर्शन, प्रोत्साहन और प्रेरणा देने के लिए हर कदम पर हमारे साथ खड़े रहते हैं। शिक्षक ज्ञान और बुद्धि का स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार एक देश उतना ही अच्छा होता है जितने उसके लोग, उसी प्रकार उसके नागरिक भी उतने ही अच्छे होते हैं जितने उसके शिक्षक। इसलिए बहुत कुछ शिक्षकों पर निर्भर करता है कि बच्चों को अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें। मैं सभी शिक्षकों को उनके जुनून, समर्पण, प्रतिबद्धता और योगदान के लिए सलाम करता हूं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को हमने प्रदेश में भी लागू कर दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हमने प्रदेश में 9438 बालवाड़ियाँ आरंभ की हैं। हमने 18 स्थानीय भाषाओं में पढ़ाई की शुरुआत की है। इसके लिए किताबें बनाई हैं और शिक्षक इसे पढ़ा रहे हैं। यह बच्चों की नींव तैयार करने में काफी महत्वपूर्ण है। शिक्षा से नक्सलवाद का अँधियारा छँटने से बस्तर में अब शिक्षा की रोशनी भी तेजी से फैल रही है। बस्तर में वर्षों से बंद 29 स्कूलों को पुनः शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक समय एआई तथा रोबोटिक्स का है। हमारे बच्चे भी इसमें पीछे नहीं रहेंगे। हमने आदिवासी क्षेत्र के बच्चों के लिए भी स्कूलों में रोबोटिक्स तथा एआई की शिक्षा आरंभ कर दी है। नक्सल प्रभावित जिलों के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए हम बिना ब्याज के शिक्षा ऋण दे रहे हैं। हमारा सबसे ज्यादा ध्यान कौशल विकास पर है। छोटे-छोटे ट्रेड में बच्चों को थोड़ा भी प्रशिक्षित कर दें, तो उनके लिए बेहतर भविष्य की राह खुल जाती है। हम हाइटेक स्कूल तैयार कर रहे हैं। प्रदेश में पीएम श्री योजना के अंतर्गत 211 स्कूलों का शुभारंभ किया गया है। इसके अलावा 52 स्कूलों की और स्वीकृति मिल गई है। यहाँ गुणवत्तायुक्त शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही है। हमारी सरकार ने 13 नगरीय निकायों में नालंदा की तरह हाइटेक लाइब्रेरी की स्थापना का निर्णय लिया है। हमारी सरकार ने स्कूलों में न्योता भोज की भी पहल की है, इससे सामुदायिक सहयोग से स्कूलों में बच्चों को रूचिकर पोषण आहार मिल रहा।

### देश उत्तम शिक्षा के मामले में हमेशा से समृद्ध: विष्णुदेव साय

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि भारत में शिक्षक दिवस का जितना उत्साह और महत्व है वैसा शायद ही कहीं और देखने को नहीं मिलता। भूतपूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन की जयंती को हम सब शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। श्री साय ने कहा कि भारत देश उत्तम शिक्षा के मामले में हमेशा से समृद्ध रहा है। गणित के क्षेत्र में शून्य भारत ने ही विश्व को दिया, आर्यभट्ट जैसे वैज्ञानिक और भाष्कराचार्य जैसे गणितज्ञ भारत में ही पैदा हुए। नागार्जुन जैसे रसायनज्ञ यहाँ हुए। शिक्षकों ने देश को हमेशा नई दिशा दिखाई है। भले ही आज इंटरनेट की दुनिया में ज्ञान एक क्लिक पर उपलब्ध है लेकिन अनुभव भरा ज्ञान, संस्कारपूर्ण शिक्षा, जीवन जीने की कला, कौशल, उत्तम शैली की सीख केवल विद्यालयों में शिक्षकों के जरिए ही संभव है। भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने इसकी जरूरत को समझा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लेकर आए। इस नीति के माध्यम से हमारी शिक्षा में आमूलचूल बदलाव की संभावना तैयार हुई है, जिसमें लोकल से वोकल तक के ज्ञान, सीख व समझ का समावेश किया गया है।

## राष्ट्र निर्माण और विद्यार्थियों का जीवन गढ़ने में शिक्षकों का बहुमूल्य योगदान : पीएम मोदी



**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** शिक्षकों की भूमिका छात्र-छात्राओं को ज्ञान एंव मार्गदर्शन देकर उनके जीवन को गढ़ने में अत्यंत महत्वपूर्ण है। वो राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। इन्हीं शब्दों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को शिक्षक दिवस की बधाई दी।

पीएम मोदी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी और अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, आप सभी को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं। यह अवसर युवा मस्तिष्क को आकार देने वाले सभी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने का अवसर है। शिक्षा मंत्रालय की ओर से एक्स अकाउंट पर पीएम मोदी का संदेश जारी किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि छात्र-छात्राओं को ज्ञान एंव मार्गदर्शन देकर उनके जीवन को गढ़ने में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। शिक्षक विद्यार्थियों को सपना देखने के लिए प्रेरित करते हैं और उसे पूरा करने का हौसला भी देते हैं। छात्र-छात्राओं के व्यक्तित्व विकास के साथ उन्हें देश के एक जिम्मेदार और समर्थ नागरिक के रूप में तैयार करने में भी शिक्षकों की अहम भूमिका होती है।

आजादी के शताब्दी वर्ष 2024 तक हमने आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने का संकल्प लिया है। आज जो छात्र-छात्राएं स्कूल और कॉलेज में पढ़ रहे हैं आने वाले समय में इनके प्रयास से ही देश को एक नई दिशा मिलेगी। इस भावी पीढ़ी के जीवन को अपने ज्ञान से सींचकर हमारे शिक्षक राष्ट्र निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहे हैं। सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस और भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु में 5 सितंबर 1888 को जन्मे डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को भारतीय संस्कृति के संवाहक, प्रख्यात शिक्षाविद और महान दार्शनिक के तौर पर जाना जाता है। उनके सम्मान में उनकी जयंती को 'शिक्षक दिवस' के रूप में मनाया जाता है।

डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। वो एक महान दार्शनिक और विद्वान थे। उन्हें 1954 में भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। 1963 में उन्हें ब्रिटिश रॉयल ऑर्डर ऑफ मेरिट की मानद सदस्यता प्रदान की गई थी।

## भारत में खत्म होने वाली है ईवी सब्सिडी? केंद्रीय मंत्री गडकरी ने दिया बड़ा बयान

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विनिर्माताओं को सब्सिडी जारी रखने की जरूरत नहीं है। अब लोग खुद ईवी या सीएनजी वाहनों को पसंद कर रहे हैं। पहले इलेक्ट्रिक वाहनों को बानने में लागत बहुत अधिक थी। अब मांग बढ़ चुकी है। उत्पादन लागत भी घट गई है।

## बीजेपी सदस्यता अभियान ने रचा इतिहास, 3 दिन में पार किया 1 करोड़ का आंकड़ा

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े ने दावा किया है कि पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान ने इतिहास रचते हुए महज 3 दिन में ही 1 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, भाजपा सदस्यता अभियान ने रचा इतिहास, 3 दिन में 1 करोड़ का हुआ आंकड़ा पार। तावड़े ने आगे कहा, 2 सितंबर को शुरू हुए संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024 में मात्र 3 दिनों में ही 1 करोड़ से अधिक सदस्य जुड़े हैं, जो कि अपने आप में एक कीर्तिमान है। इस अभियान को लेकर देशवासियों और कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह है। निश्चित ही आने वाले दिनों में सदस्यों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर जाने वाली है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं एवं लोगों से 8800002024 नंबर पर मिस्ड कॉल देकर या नमो एप के माध्यम से भाजपा से जुड़ने की भी अपील की।

## महामहिम राज्यपाल रमेन डेका जी से सौहाद्रपूर्ण मुलाकात



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रायपुर प्रवास के दौरान भारत गौरव श्री देवेंद्र ब्रह्मचारी जी ने छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम श्री रमेन डेका जी से सौहाद्रपूर्ण मुलाकात की। इस अवसर में सभी वर्गों में समन्वय और परस्पर प्रेम के लिए भारतीय संस्कृति और भगवान महावीर के बताए मार्ग पर चर्चा हुई। राज्यपाल जी को अक्टूबर में मुंबई में आयोजित आचार्य विद्यासागर जन्म-जयंती महोत्सव के लिये आमन्त्रित किया। जिसमें उन्होंने उपस्थित होने के लिए अपनी सहमति प्रदान की।

मुलाकात में सकल जैन समाज रायपुर से श्री सुनील भैया जी , श्री लोकेश चंद्रकांत जैन, प्रियेश जैन उपस्थित रहे।

## अब इन लोगों को भी मिलेगा पीएम आवास योजना का लाभ? केन्द्र सरकार कर रही विचार, शिवराज सिंह ने दिया है भरोसा

### मुख्यमंत्री साय का सराहनीय पहल




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्रता में कुछ नए लोगों को जोड़ा जा सकता है। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय के डिमांड पर केन्द्र सरकार विचार कर रहा है। इस बात की जानकारी खुद राज्य के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दी है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बताया कि उनकी सरकार ने आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और नक्सली हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए पीएमएवाई के तहत अलग से घरों के निर्माण को मंजूरी देने का केंद्र से अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, ''हमने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों और नक्सली हिंसा से प्रभावित लोगों के लिए पीएमएवाई के तहत अलग से घर स्वीकृत करने का अनुरोध किया है, जिस पर उन्होंने विचार करने पर सहमति जताई है।'' बता दें कि शिवराज सिंह चौहान के पास कृषि मंत्रालय के साथ-साथ ग्राणीण विकास मंत्रालय भी है।

**10 हजार घर की डिमांड :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार इन लोगों के लिए 10,000 घर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने एक नई योजना 'नियद नेल्लानार' (आपका अच्छा गांव) शुरू की है, जिसके तहत सुरक्षा शिविरों के पांच किलोमीटर के दायरे में आने वाले गांवों में विकास कार्य किए जा रहे हैं। सीएम ने कहा- 10,000 से अधिक अतिरिक्त आवासों की स्वीकृति के लिए ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की गई है, जिसे जल्द ही मंजूरी मिलने की उम्मीद है। उन्होंने हमारी मांग पर गंभीरता से विचार करने का भरोसा दिया है।

**जनमन योजना के तहत भी मिला है लाभ :** मुख्यमंत्री ने बताया कि विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के उद्देश्य से प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) योजना के तहत राज्य में 24,064 घर स्वीकृत किए गए और उनमें से अधिकांश पूरे हो चुके हैं। सीएम साय ने पीएम मोदी को धन्यवाद कहा है और छत्तीसगढ़ की जनता की तरफ से आभार प्रकट किया है।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- सनातन ही दुनिया का एकमात्र धर्म है



**अयोध्या ( आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अयोध्या में सिंघल फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित भारतात्मा अशोक सिंघल वेद पुरस्कार- 2024 के पुरस्कार वितरण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश और सनातन धर्म के लिए अब हमें अपने अधिकारों की चिंता कम और नागरिक कर्तव्यों के विषय में ज्यादा चिंतन करना होगा। सनातन ही दुनिया का एकमात्र धर्म है। सनातन धर्म सुरक्षित एवं समृद्धि के पथ पर अग्रसर रहेगा तो विश्व मानवता के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होगा। अगर सनातन धर्म खतरे में पड़ेगा तो विश्व मानवता का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। अशोक सिंघल ने काशी हिंदू विश्विद्यालय से इंजीनियरिंग की डिग्री ली थी, लेकिन उनका जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक प्रचारक के रुप में सनातन धर्म के लिए समर्पित था।

सीएम योगी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन और अशोक सिंघल एक-दूसरे के पूरक थे। उनके पास सोते, जागते, उठते, बैठते सिर्फ एक ही कार्य था, श्रीराम जन्मभूमि की प्राप्ति। उसके लिए वो शांति और क्रांति दोनों मार्गों को अपनाने को आतुर रहते थे। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में उनके योगदान का प्रतिफल है कि 22 जनवरी 2024 के दिन इस सदी की सबसे उत्कृष्ट घटना घटी। इस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कर कमलों से भव्य मंदिर में प्रभु श्रीरामलला विराजमान हुए। साधना जब सच्ची होती है तो परिणाम प्राप्त होता ही है।

सीएम योगी ने कहा कि अछूतोद्धार के लिए अशोक सिंघल के प्रयास अतुलनीय हैं। उनके द्वारा स्थापित वेद विद्यालय और एकल विद्यालय भी श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन का हिस्सा थे। वेदो अखिलो धर्म मूलम्यानी अखिल विश्व के धर्म का अगर कोई मूल है तो वेद हैं। अशोक सिंघल ने वेदों के इस महत्व को अपने जीवन में अक्षरशः उतारने का कार्य किया था।

## उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 4.7 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

### उप मुख्यमंत्री ने शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में कहा- बच्चों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देकर आगे बढ़ाने का कार्य करते हैं शिक्षक




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज मुंगेली जिले के लोरमी में नगर पालिका द्वारा किए जाने वाले चार करोड़ 70 लाख रुपए लागत के 80 से अधिक कार्यों का भूमिपूजन किया। अधोसंरचना मद से किए जाने वाले इन कार्यों में शहर के विभिन्न वार्डों में सीसी रोड, आरसीसी नाली व कव्हर निर्माण तथा इंटर-लॉकिंग कांक्रीट ब्लॉक कार्य शामिल हैं। उन्होंने लोरमी के कबीर भवन में आयोजित कार्यक्रम में शहर को साफ-सुथरा बनाने 14वें और 15वें वित्त आयोग के तहत वाहन एवं अन्य सामाग्रियां भी प्रदान की। इनमें पांच ई-रिक्शा, ट्रेक्टर ट्राली व इंजन, जेसीबी, मिनी टिप्पर, व्हील बैरो इत्यादि शामिल हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री साव कबीर भवन में आयोजित शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भी शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम में कबीर भवन की मरम्मत और सौंदर्यीकरण के लिए 50 लाख रुपए देने की घोषणा की। श्री साव ने आज शिक्षक दिवस पर आयोजित शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में 293 विद्यार्थियों, खिलाड़ियों और सेवारत शिक्षकों के साथ ही सेवानिवृत्त शिक्षकों को भी सम्मानित किया। उन्होंने शासकीय व अशासकीय हाईस्कूलों, राज्यपाल द्वारा सम्मानित स्काउट-गाइड तथा शिक्षकों, राज्य स्तरीय व राष्ट्रीय खिलाड़यों को श्रीरामचरित मानस और स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित पुस्तकों के साथ ही स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। श्री साव ने बच्चों की रंगारंग प्रस्तुति पर पांच हजार रुपए का पुरस्कार देने की घोषणा की।

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह में आदर्श शिक्षक एवं देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर नमन किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी प्राचीन परंपरा में गुरूजनों का बड़ा सम्मान रहा है और उन्हें सर्वोपरि स्थान पर रखा गया है। माता-पिता के बाद शिक्षक ही बच्चों को अच्छे संस्कार और अच्छी शिक्षा देकर आगे बढ़ाने का काम करते हैं। मैं सभी गुरूजनों को प्रणाम कर उनका अभिनंदन करता हूं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कार्यक्रम में शिक्षकों से आग्रह किया कि पौराणिक काल से समाज में शिक्षकों का जो मान-सम्मान और गौरव रहा है, उसे और आगे बढ़ाने का काम करें।

## उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने नई दिल्ली में 'उद्योग समागम' में की भागीदारी', कहा- निवेश के लिए छत्तीसगढ़ सर्वश्रेष्ठ राज्य



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने आज नई दिल्ली में आयोजित ''उद्योग समागम'' सम्मेलन में भाग लिया। यह कार्यक्रम केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें सभी राज्यों के उद्योग मंत्री और प्रतिनिधि सम्मिलित हुए। इस सम्मेलन में देश भर के उद्योगपतियों, उद्यमियों और निवेशकों ने भाग लिया, जिसमें व्यापार, उद्योग और आर्थिक विकास से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

श्री देवांगन ने इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में निवेश की विशाल संभावनाओं और राज्य सरकार द्वारा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। उन्होंने राज्य में औद्योगिक विकास और रोजगार सृजन के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। साथ ही, उन्होंने निवेशकों को राज्य में आकर्षित करने के लिए बेहतर नीतियों और बुनियादी ढांचे के विकास पर राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कई विशेष योजनाएं और सुविधाएं प्रदान कर रही है, जिससे न केवल राज्य का आर्थिक विकास होगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

मंत्री श्री देवांगन ने कहा छत्तीसगढ़ निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थल के रूप में उभर रहा है। प्रदेश खनिज उत्पादन वाले प्रमुख राज्यों में शामिल है। यहां उद्योग स्थापित करने के लिए अनुकूल माहौल है। प्रदेश में नए उद्योगों को सर्वसुविधा उपलब्ध कराने के नई रणनीति बनाई गई है। उन्होंने कहा राज्य में निवेश बढ़ाने व उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए वित्तीय प्रोत्साहन व छूट भी दी जा रही है।

उन्होंने कहा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 की लांचिंग किया गया है, इससे नए उद्योग शुरू करने वाले व्यापारियों को किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके अलावा 1 नवंबर 2024 से प्रदेश की नई उद्योग नीति भी लागू हो जाएगी। नई नीति उद्यमियों के सहूलियत को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में तैयार किया जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने एवं समस्या के समाधान लिए आवास चौपाल का किया गया आयोजन



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री आवास योजना में तेजी लाने एवं समस्या के समाधान लिए कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के निर्देश में जिले के विभिन्न गांवों में आज संध्या आवास चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद कसडोल अंतर्गत ग्राम मोहतरा क, कोट क, घटमड़वा, औरेठी, पुलेनी, सिमगा जनपद अंतर्गत ग्राम दरचुरा, अड़बंधा, पौसरी, कामता, पलारी जनपद अंतर्गत ग्राम छेरकापुर, सोनार देवरी, बलौदाबाजार जनपद अंतर्गत सकरी, रसेड़ा, पनगांव के आवास हितग्राहियों का चौपाल बुलाकर आवास बनाने में आ रही समस्याओं के संबंध में चर्चा किए तथा समय सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित किया गया।

## अंचल में जगह-जगह हुआ शिक्षकों का सम्मान, कहा- शिक्षक ही करते हैं बच्चों के सपने साकार



**आरंग ( विश्व परिवार )।** गुरुवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर अंचल के विभिन्न विद्यालयों, सामाजिक संगठनों व पंचायत व जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों व बच्चों ने शिक्षकों का सम्मान किया। वही नगर के स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन तथा गायत्री शक्तिपीठ के संयुक्त संयोजन में गायत्री शक्तिपीठ आरंग में संचालित शिक्षादान केंद्र के बच्चों व शिक्षको ने केक काटकर शिक्षक दिवस मनाया। साथ ही शिक्षादान केंद्र में पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। वहीं फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने एकत्रित होकर नवाचारी शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल को शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया।वहीं विकासखंड के शासकीय पूर्व माध्यमिक एवं नवीन प्राथमिक शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं को पंचायत प्रतिनिधियों ने शाला में पहुंचकर श्रीफल व पेन भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि लोचन साहू ने कहा गुरु का हर वाक्य मंत्र के समान है, बच्चों के सपनों को शिक्षक ही साकार करते है। यही कारण है कि शास्त्रों में गुरुजनों को भगवान से भी श्रेष्ठ माना गया है।वहीं हेमाराम परमार व विष्णु साहू ने अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू द्वारा भेजे शिक्षकों की शुभकामना संदेश को पढ़कर शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की बधाई दिए। वहीं बच्चों ने भी बारी बारी से शिक्षक दिवस पर भाषण, कविता प्रस्तुत किये।इस अवसर पर दोनों संस्था के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में बच्चों की उपस्थिति व सहभागिता रही।

# औद्योगिक इकाईयों में लगातार हो रहे हादसों को लेकर जिला प्रशासन सतर्क, संयुक्त टीम ने दी सीमेंट संयंत्रो में दबिश

### न्युवोको विस्टास, नु विस्टा एवं श्री सीमेंट में मिली भारी अनियमितता, कारण बताओं नोटिस सहित कार्य प्रणाली में सुधार के दिए निर्देश



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में जिले में स्थापित विभिन्न औद्योगिक इकाईयों में लगातार हो रहे हादसों में कमी लाने एवं मजदूरों की सुरक्षित वातावरण मुहैया कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों के द्वारा संयत्रो के जांच हेतु संयुक्त टीम का गठन किया गया है। संयुक्त टीम ने 30 अगस्त को सीमेंट संयत्र न्युवोको विस्टास सोनाडीह, नु विस्टा रिसदा एवं श्री सीमेंट खपराडीह में भारी अनियमितता मिली है जिस कारण तीनों संयत्रो को कारण बताओं नोटिस जारी करते हुए कार्य प्रणाली में सुधार के भी निर्देश दिए है। उक्त टीम में श्रम, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, जिला परिवहन, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं खनिज विभाग के अधिकारी शामिल थे.

न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सोनाडीह कारखाना मेसर्स न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सोनाडीह सीमेंट संयंत्र का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान नियमों का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने एवं कमियों को दूर करने के निर्देश दिये गये। श्रम कल्याण मण्डल, भवन एवं अन्य सन्निर्माण में पंजीयन, वेतन भुगतान के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करने कहा गया। सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 व छ.ग. कारखाना नियमावली 1962 के तहत उल्लंघन पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा ओवर लोडिंग, वैद्य लाईसेंस, सुरक्षित परिवहन के संबंध में जांच की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा औद्योगिक नीति के तहत स्थानीय रोजगार व शासकीय एवं निजी भूमि आबंटन, भू-अर्जन व उसके उपयोगिता, लीज इत्यादि के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उप संचालक खनिज द्वारा मेसर्स न्युवोको विस्टास कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सोनाडीह में माइंस एवं मिनरल्स एक्ट 1957 के तहत उल्लंघन पाए जाने पर कारण बताओ सूचना नोटिस जारी किया गया।

कारखाना मेसर्स नु विस्टा लिमिटेड, रिसदा में श्रम कल्याण मण्डल, भवन एवं अन्य सन्निर्माण में पंजीयन, वेतन भुगतान के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करने कहा गया। सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 व छ.ग. कारखाना नियमावली 1962 के तहत उल्लंघन पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा ओवर लोडिंग, वैद्य लाईसेंस, सुरक्षित परिवहन के संबंध में जांच की गई। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा औद्योगिक नीति के तहत स्थानीय रोजगार व शासकीय एवं निजी भूमि आबंटन, भू-अर्जन व उसके उपयोगिता, लीज इत्यादि के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उप संचालक खनिज द्वारा मेसर्स नु विस्टा लिमिटेड, रिसदा में माइंस एवं मिनरल्स एक्ट 1957 के तहत उल्लंघन पाए जाने पर कारण बताओ सूचना नोटिस जारी किया गया। कारखाना मेसर्स श्री रायपुर सीमेंट प्लांट खपराडीह में श्रम कल्याण मण्डल, भवन एवं अन्य सन्निर्माण में पंजीयन, वेतन भुगतान के संबंध में नियमानुसार कार्यवाही करने कहा गया। सहायक संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा द्वारा कारखाना अधिनियम 1948 व छ.ग. कारखाना नियमावली 1962 के तहत उल्लंघन पाए जाने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

# 'हम होंगे कामयाब' अंतर्गत युवाओं को नशे से बचाने हेतु विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन



**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के युवा छात्र छात्राओं को व्यक्तित्व विकास, नशे से बचाव कैरियर काउंसिलिंग संबधित शंकाओं के संबध में जानकारी मुहैया कराने के उद्देश्य से बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में एक नयी पहल''हम होंगे कामयाब' अभियान की शुरुआत की गयी है। इस तारतम्य में आज शिक्षक दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय के डीके कालेज में हम होंगे कामयाब'' अंतर्गत युवाओं को नशे से बचाने हेतु विशेष कार्यशाला का हुआ आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज, स्किल के प्रशिक्षित छात्र सहित अन्य छात्र छात्राए बड़ी में उपस्थित रहे। हम होंगे कामयाब' कार्यशाला में मौजूदा दौर में युवाओं को नशे से बचाव एवं उनके दुष्प्रभाव से बचाने, व्यक्तित्व विकास एवं कैरियर संबधित शंकाओं के संबध मे चर्चा एक्सपर्ट द्वारा की गई। इसके अतरिक्त उद्योग विभाग द्वारा स्व रोजगार के योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई. जिला सांख्यिकी अधिकारी सुमीत मेंरावी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हम होंगे कामयाब' अभियान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह जिले में अपनी तरह का पहला ऐसा अभियान है जिसके माध्यम से युवाओं की शिक्षा और उनके करियर को लेकर बातचीत और क्षमतावर्धन में विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्थानीय युवाओं को आसानी से करियर काउंसिलिंग, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हो या स्टार्टअप चलानी हो सब के लिए हम गुणवत्ता युक्त संसाधन उपलब्ध कराना मुख्य उद्देश्य है।

# छत्तीसगढ़ चेम्बर ने केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू को रायपुर से सूरत हवाई सेवा सुविधा उपलब्ध करवाने किया निवेदन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेम्बर द्वारा आज दिनांक 5 सितंबर 2024 को माननीय श्री राम मोहन नायडू जी, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, नई दिल्ली को पत्र प्रेषित कर रायपुर से सूरत (गुजरात) हवाई सेवा सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु निवेदन किया गया।

चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर पारवानी ने पत्र के माध्यम से बताया कि छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा कपड़ा एवं सराफा बाजार है। रायपुर मार्केट में भारत द्वारा निर्मित सभी प्रकार के कपड़ा एवं सराफा का आयात एवं निर्यात होता है। सबसे ज्यादा सूरत (गुजरात) मंडी से व्यापार होता है। रायपुर से प्रतिदिन सूरत (गुजरात) के लिये काफी संख्या में व्यापारियों का आवागमन होता है। रायपुर के कपड़ा एवं सराफा व्यापारियों द्वारा इस हवाई सेवा हेतु लम्बे समय से मांग की जा रही है। रायपुर एवं सूरत के बीच हवाई सुविधा चालू होने से दोनों राज्यों के मध्य आर्थिक गतिविधियां बढ़ेगी, व्यापक स्तर में व्यापार होगा एवं नए रोजगारों का सृजन होगा जिससे अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति होगी।

श्री पारवानी ने माननीय श्री राम मोहन नायडू जी, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से अनुरोध किया है कि कपड़ा एवं सराफा व्यापारियों की समस्याओं को देखते हुए रायपुर से सूरत (गुजरात) के लिए नियमित हवाई सेवा उपलब्ध कराई जावे जिससे कि छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा कपड़ा एवं सराफा बाजार के साथ ही आम नागरिकों को भी इस हवाई सेवा का लाभ मिल सके।

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में मनाया गया शिक्षक दिवस

# भारत में गुरु शिष्य परंपरा पूर्व वैदिक काल से प्रचलित : प्रो. बी.के. शर्मा

**गूगल तो मात्र सूचनाएं दे सकता है जबकि सच्चा ज्ञान गुरु के सानिध्य में ही संभव है : डॉ. आर.के. पाण्डेय**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में 5 सितम्बर 2024 को महान शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि प्रो. बी. के. शर्मा प्रोफेसर (सेवानिवृत्त) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.), विशिष्ट अतिथि डॉ. रमेश कुमार पाण्डे प्रोफेसर वाणिज्य विभाग शासकीय बिलासा गर्ल्स पीजी ऑटोनॉमस कॉलेज, बिलासपुर एवं डॉ. मंजु पाण्डेय विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग शासकीय पातालेश्वर कॉलेज मस्तूरी, बिलासपुर (छ.ग.) ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एस. के. सिंह ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि प्रत्येक शिक्षक अपने गुरु के समक्ष शिक्षार्थी ही होता है। विश्वविद्यालय मात्र सूचनाएं प्रदान करने का केंद्र नहीं होते बल्कि यह विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों की प्रतिस्थापना कर उन्हें श्रेष्ठ नागरिक भी बनाते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. मंजू पांडेय ने अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि मैं अपने सभी शिक्षकों का दिल से आभार व्यक्त करना चाहती हूं। आपकी शिक्षा और मार्गदर्शन के लिए हम सदैव आपके ऋणी रहेंगे। ये दिन हमें यह याद दिलाता है कि हमारे जीवन में शिक्षकों का योगदान कितना महत्वपूर्ण है।

विशिष्ट अतिथि डॉ. आर. के. पाण्डेय ने विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने शिक्षकों के प्रति सम्मान भाव से जुड़े रहें क्योंकि गूगल तो मात्र सूचनाएं दे सकता है जबकि सच्चा ज्ञान गुरु के सानिध्य में ही संभव है।अत: हमें अपने शिक्षकों के प्रति कृतज्ञता और सम्मान प्रकट करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मुख्य अतिथि प्रो. बी.के. शर्मा ने नचिकेता, अष्टावक्र, प्रह्लाद और ध्रुव के कथानकों की चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षक हमारे जीवन के मार्गदर्शक होते हैं। शिक्षक वह दीपक हैं जो अज्ञानता के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं। वे हमें न केवल किताबों का ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन की मूलभूत सीख भी सिखाते हैं। वे हमें आत्मनिर्भर, जिम्मेदार और नैतिक रूप से सशक्त बनाते हैं। यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. सौरभ कुमार शर्मा ने इस कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों और शिक्षार्थियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए गुरु-शिष्य परंपरा की पुनर्स्थापना का आह्वान किया और सभी शिक्षकों को हार्दिक शुभकामनायें प्रेषित किया। इस अवसर पर सभागार में सम्पूर्ण युनिवेर्सिटी परिवार उपस्थित रहा।

# कर्म सत्ता ने तो भगवान को भी नहीं छोड़ा, फिर आप कैसे बच सकते हैं: विराग मुनि

### एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में चातुर्मासिक प्रवचन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कर्मों के फल से आज तक कोई नहीं बच पाया। स्वयं प्रभु महावीर स्वामी को भी पूर्व कर्मों की सजा भोगनी पड़ी थी। कर्म अच्छे हैं तो जीवन सुधर जाएगा। कर्मों को कोई समझ नहीं पाता। साधु भगवान को भी कर्म सत्ता ने नहीं छोड़ा। इसलिए कर्म करते समय एक बार विचार करें पाप क्रियो से बचकर रहें धर्म आराधना में अपना जीवन व्यतीत करें अहंकार छोड़कर गलती ना हो तो भी जीवन में क्षमा भाव लाएं। सहनशील बनें। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में चल रहे चातुर्मासिक प्रवचन में विराग मुनि म.सा. ने ये बातें कही।

गुरुवार के प्रवचन में उन्होंने भगवान महावीर के 27 भवों का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कैसे पूर्व भव के कर्मों की सजा खुद भगवान को भी भुगतनी पड़ी थी। प्रभु महावीर जब दीक्षा ले रहे थे, तब इंद्र ने उनसे कहा था कि उन्हें कर्मों का उपसर्ग सहने की जरूरत नहीं है। देवता उनकी रक्षा करेंगे। तब महावीर ने कहा, कर्म किए हैं तो भोगना भी खुद को है। इसका मतलब ये कि जब कर्मों ने भगवान को नहीं छोड़ा तो आप, हम क्या हैं? मुनिश्री ने बताया कि महावीर की आत्मा को भी नरक गति में जाना पड़ा था क्योंकि मरीचि के भव में उन्हें अहंकार हो गया था कि मेरे दादा तीर्थंकर बनने वाले हैं। स्वयं तीर्थंकर की आत्मा को भी अगर अहम की सजा भुगतनी पड़ी तो सोचिए कि आप-हम कितनी छोटी-छोटी बातों पर अहंकार पाल लेते हैं। हमारी आत्मा की क्या गति होगी! एक अन्य कथानक का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, एक बार महावीर तपस्या में लीन थे। एक ग्वाला आकर उनके कानों में कीले डालने लगा। असहनीय दर्द सहते हुए भी महावीर शांत रहे क्योंकि उन्हें ज्ञात था, पूर्व भव में जब वे राजा थे तो उन्होंने उस ग्वाले के कान में गरम तेल डाला था।



# भक्तिभाव पूर्वक मनाया गया भगवान महावीर स्वामी का जन्म उत्सव

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री संभवनाथ जैन मंदिर विवेकानंद नगर में भगवान महावीर स्वामी का जन्म उत्सव भक्तिभाव से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। श्री सिद्धि शिखर मंडपम में जारी चातुर्मासिक प्रवचन माला में तपस्वी मुनिश्री प्रियदर्शी विजय जी म.सा. के श्रीमुख से कल्पसूत्र का वांचन जारी है। इसके अंतर्गत प्रभु का जन्म वांचन हुआ। सर्वप्रथम माता त्रिशला के 14 सपनों का उल्लेख मुनिश्री ने किया। इस शुभ अवसर पर 14 सपनों की बोली लाभार्थी परिवार ने ली और इसके पश्चात पालना जी की बोली लाभार्थी परिवार ने ली और भक्ति भावपूर्वक प्रभु का जन्मोत्सव मनाया गया। भगवान महावीर स्वामी के जन्म पूर्व उनकी माता त्रिशला ने 14 सपने देखे थे। उन सपनों में दिखी चीजों का जन्म वांचन के दौरान माता के सपनों के निमित्त प्रतीक चिन्ह का दर्शन करने का लाभ लाभार्थी परिवार ने लिया। 14 सपनों के बाद पालना जी झूलने का लाभ लाभार्थी परिवार ने लिया। पालना जी के लाभार्थी परिवार के निवास स्थान पर 14 प्रतीक चिन्ह को ले जाया गया और हर्षो उल्लास के साथ भक्तिभाव से भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। प्रभु की भक्ति व आराधना की गई।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.-2)**
शहीद समारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID - rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं./14273/न.पा.नि./जोन क्रं.-2/2024
रायपुर दिनांक : 05-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14273
वार्ड का नाम-28- शहीद हेमू कालाणी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि 28 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी-आई.डी.-RPR235G00026 जो कि निगम अभिलेख में श्री/श्रीमती VEENA TIWARI W/O LT. RAJENDRA KUMAR TIWARI, DEVSHRI TIWARI DEVYANI TIWARI S/O LT. RAJENDRA KUMAR TIWARI पिता/पति, श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती 1. श्री मोहम्मद अख्तर - पिता अब्दुल हक पिता/पति, श्री/श्रीमती 2 श्री मोहम्मद अल्ताफ - पिता अब्दुल हक ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नही की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें
श्री आर.के. डोंगरे
( जोन कमिश्नर )
जोन क्रमांक- ( 2 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./14246/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 05-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14246
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR331D00188 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SMT. SIMRAT KAUR BATRA पिता/पति श्री/श्रीमती W/O INDERBIR SINGH BATRA के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती श्री इंदरबीर सिंह बत्रा पिता/पति श्री/श्रीमती पिता - श्री गुरूबक्स सिंह बत्रा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत हक त्याग विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री जसदेव सिंह बाबरा
( जोन कमिश्नर ) जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-3)**
शंकर नगर पानी टंकी के नीचे, रायपुर
E-mail ID - rmczone3@gmail.com

पत्र क्र./14063/ न.पा.नि./जोन क्र.-3/2024
रायपुर, दिनांक 05-09-2024

**इश्तिहार**

नामांतरण प्र.क्र. 14063
वार्ड का नाम-30- शंकर नगर वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड- 30 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR331B00279 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती 1. HUMAIRA MIRZA D/O MOHAMMED NASEEM QUADRI 2. SHAHJAHAN BEGUM D/O SHEIKH MUSTAFA पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है, जिसको श्री/श्रीमती RANJU VAISHANAV पिता/पति श्री/श्रीमती D/O LAKHAN DAS VAISHNAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

-सूचना जारी करें-
श्री जसदेव सिंह बाबरा
( जोन कमिश्नर ) जोन क्रं.- ( 3 )
नगर पालिक निगम, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.), फोन नं.- 0771-4903223
Email Id: eocghbzone02@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है, कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत परसुलीडीह रायपुर स्थित **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-413 श्री अवधनारायण त्रिपाठी पिता स्व. श्री राम अधार त्रिपाठी एवं श्री एल गजपति रेड्डी पिता स्व. श्री एन जगन्नाथ रेड्डी** के नाम के साथ संयुक्त नाम से भाड़ाकय आधार पर आबंटन किया गया है। सह आबंटी श्री अवधनारायण त्रिपाठी की मृत्यु **दिनांक 10.09.2019** को हो जाने के कारण सह आबंटी **श्री एल गजपति रेड्डी पिता स्व. श्री एन जगन्नाथ रेड्डी** द्वारा सह आबंटी आबंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ-पत्र एवं समस्त वारिसान/सहमतिदाताओ का सहमति पत्र, एवं निर्धारित आवेदन पत्र अन्य दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त भवन को अपने एकल नाम पर नामांतरण करने हेतु निवेदन किया गया है। **एल.आई.जी. भवन क्रमांक-413 श्री अवधनारायण त्रिपाठी पिता श्री राम अधार त्रिपाठी** की मृत्यु होने के उपरांत प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर सह आबंटी **श्री एल गजपति रेड्डी पिता स्व. श्री एन जगन्नाथ रेड्डी** के एकल नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अत: उक्त भवन कमांक एल.आई.जी. 413 के एकल नाम पर नामांतरण करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय बैंक अथवा वित्तिय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन दिनांक के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर ( छ.ग. )

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला रायपुर में स्थित **भवन क्रमांक पीपल-I/96, श्रीमती मौली दम्मानी पति श्री राजकुमार दम्मानी,** के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में **दिनांक 01.05.2014** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा नियुक्त आम मुख्त्यार **श्री राजकुमार दम्मानी पिता स्व. श्री मोहन लाल दम्मानी** द्वारा दिनांक 29.04.2024 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत आबंटी द्वारा नियुक्त **आम मुख्यार श्री राजकुमार दम्मानी पिता स्व.श्री मोहन लाल दम्मानी,** द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्री गोपी किशन पिता श्री खड़ा किशन, निवासी प्लाट नम्बर-75, खसरा नम्बर-230/1,1-3, बसंत विहार, गेट नम्बर-1, बसंत विहार कार्यालय के पास, गोगाँव रायपुर ( छ.ग. )** के पक्ष में दिनांक 23.07.24 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में नवीन क्रेता **श्री गोपी किशन पिता श्री खड़ा किशन,** द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड पश्चात् अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन का फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत बोरियाकला रायपुर में स्थित भवन **क्रमांक पीपल-I/173, श्री रोशन लाल ओचवानी पिता श्री अर्जुन दास ओचवानी,** के नाम पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में **दिनांक 20.06.2013** को लीजडीड पंजीकृत उपरांत आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। आबंटी द्वारा **दिनांक 11.07.2024** को हस्तांतरण विलेख (फ्री होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत आबंटी **श्री रोशन लाल ओचचानी पिता श्री अर्जुन दास ओचवानी,** द्वारा उक्त भवन को **क्रेता श्रीमती जयीता साहा पति श्री तरूण साहा, निवासी पीपल-1/173. हाउसिंग बोर्ड कालोनी बोरियाकला रायपुर ( छ.ग. )** के पक्ष में **दिनांक 13.08.2024** को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में नवीन क्रेता **श्रीमती जयीता साहा पति श्री तरूण साहा,** द्वारा उक्त भवन को फ्री होल्ड पश्चात् अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: उक्त भवन का फ्रह-होल्ड उपरांत मण्डल अभिलेख में नाम दर्ज करने के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
Email Id: eocghbzone03@gmail.com

**आम-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत **खिलोरा, रायपुर में निर्मित एल.आई.जी भवन क्र-285 श्रीमती बीना गायकवाड़ पति श्री पुरुषोत्तम गायकवाड़ निवासी:- कुशालपुर, प्रोफेसर कॉलोनी, मलसाय तालाब के सामने, रायपुर तह व जिला-रायपुर ( छ.ग. ),** के नाम पर इस कार्यालय के आंबटन आदेश **क्रमांक- 3941 दिनांक 08.06.2009** के स्ववित्तीय आधार पर आंबटित है। आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, उक्त भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अत: किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन का फ्री-होल्ड किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समायवधि पश्चात् आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
विश्व परिवार

बिलासपुर संभाग

रायपुर शुक्रवार 06 सितंबर 2024



# एनआरसी सहित मैदानी कार्यालयों का निरीक्षण करे एसडीएम - कलेक्टर

## 01 जनवरी 2024 से पहले ग्राम पंचायतों में स्वीकृत डीएमएफके कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश

### विशेष शिविर 07 सितंबर को पात्र हितग्राहियों को वनाधिकार पत्र प्रदान करने के निर्देश



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने 31 अगस्त को संपन्न हुए ग्रामसभा के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में सभी एसडीएम से समीक्षा की और निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतवार रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने एसडीएम और जिला शिक्षा अधिकारी को यह भी निर्देशित किया कि दस्तावेज के अभाव में जाति प्रमाण पत्र नहीं बना पाने वाले विद्यार्थियों के परिजनों से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज जुटाएं और विद्यार्थियों का वास्तविक जाति के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाएं। कलेक्टर ने एसडीएम को निर्देशित किया कि वे स्कूल, आश्रम, छात्रावास, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, उचित मूल्य की दुकान, मैदानी शासकीय कार्यालयों का निरीक्षण समय समय पर सुनिश्चित करें। इसके साथ ही ब्लॉक स्तर पर बनाए गए पोषण पुनर्वास केंद्र का भी नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने बैठक में आयुष्मान कार्ड, अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण, गांवों में विद्युत की आपूर्ति, स्कूल, छात्रावासों तक पहुँचने के लिए पहुँच मार्ग निर्माण,हाई और हायर सेकंडरी स्कूलों में साइकिल स्टैंड का निर्माण के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम को निर्देशित किया कि शासकीय कार्यों के नाम पर जारी राशि की सरपंचों से वसूली की कार्यवाही शीघ्रता से सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने बैठक में संजय नगर रेलवे क्रॉसिंग में अंडरपास निर्माण कार्य में प्रगति लाने निर्देश दिए। कलेक्टर ने नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार के प्रकरणों का निराकरण के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश तहसीलदारों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने भू-अर्जन से संबंधित विभागों के रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्वीकृत महत्वपूर्ण विकास कार्यों एवं जनहितकारी गतिविधियों की समीक्षा की और संबंधित विभागों से कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एसडीएम तथा तहसीलदारों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नए अतिक्रमण न हो और किसी स्थान पर अतिक्रमण की शिकायत आती है तो शीघ्रता से कार्यवाही की जाए। उन्होंने डीएमएफ अंतर्गत 01 जनवरी 2024 से पहले ग्राम पंचायतों में स्वीकृत डीएमएफ के कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मसाहती ग्राम बरबसपुर के संबंध में प्राप्त दावा आपत्ति का गुणवत्ता के साथ निराकरण के निर्देश तहसीलदार को दिए। बैठक में कलेक्टर ने विकासखण्ड स्तर पर जर्जर हो चुके शासकीय कार्यालयों के संबंध में एसडीएम को जानकारी देने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।

# बीसीसीआई से मान्यता मिलने के बाद भी क्रिकेट खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बीसीसीआई दुनिया का सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड है। इसके बावजूद इसका फायदा छत्तीसगढ़ के क्रिकेटर्स को मिलता नहीं दिख रहा। बताया जा रहा हैं की कोरबा को बीसीसीआई से मान्यता मिलने के बाद भी आज तक यहां सुविधाएं नहीं बढ़ीं हैं। छत्तीसगढ़ में क्रिकेट को लेकर लोगों में उत्साह जरुर है। लेकिन क्रिकेटर्स के लिए सुविधाओं की बात की जाए तो कोरबा जैसे छोटे जिले इस मामले में अभी भी बहुत पीछे हैं। हालत ये हैं कि बीसीसीआई से मान्यता मिलने के बाद भी छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ और कोरबा जिला क्रिकेट एसोसिएशन के गठन को लगभग एक दशक का समय बीत चुका है। लेकिन अब तक जिले के क्रिकेट खिलाडियों के लिए एक अच्छी पिच नहीं बनाई जा सकी है। क्रिकेट संघ के पदाधिकारी शासन, प्रशासन और औद्योगिक संस्थानों को इसके लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। तो सरकार और औद्योगिक संस्थान इसके लिए संघ वालों की निष्क्रियता की बात कहते हैं। यही कारण है कि कोरबा जिले का कोई भी खिलाड़ी अब तक रणजी की टीम में स्थान पक्का नहीं कर सका है। छत्तीसगढ़ के रणजी टीम के गठन के लिए प्लेट और एलिट जिलों में ट्रायल्स की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। कोरबा, रायगढ़, कांकेर और इस तरह के जिले छोटे जिले प्लेट ग्रुप में आते हैं। जबकि भिलाई, रायपुर, बिलासपुर जैसे बड़े जिले एलीट ग्रुप के टूर्नामेंट में शिरकत करते हैं। प्लेट ग्रुप के जितने भी जिले हैं, वहां सिलेक्शन ट्रायल और टूर्नामेंट के आयोजन के बाद सभी को मिलाकर खिलाडियों के प्रदर्शन के आधार पर एक टीम बनती है। जिसे रेस्ट ऑफ सीएससीएस का नाम दिया जाता हैं। इसके बाद यही टीम एलिट जिलों के टूर्नामेंट में एक टीम के तौर पर भाग लेती है। इस टूर्नामेंट के बाद छत्तीसगढ़ राज्य की रणजी टीम का सेलेक्शन किया जाता है। प्लेट जिलों के खिलाडियों के लिए रणजी टीम में स्थान पक्का करने का सफर बेहद कठिन होता है।

# नवजात हाथी शावक की मौत; वनमंडल में मचा हड़कंप, कारण अज्ञात

**रायगढ़(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज में नवजात हाथी शावक की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार, धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल रेंज में नवजात हाथी शावक की मौत हो गई। हाथी की मौत के कारण का अभी पता नहीं चल सका है। मौके पर पहुंचा वन विभाग मामले की जांच में जुट गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण का खुलासा हो सकेगा। वहीं कुछ महीने पहले ही सूरजपुर जिले में करंट की चपेट में आने से इलाके के खूंखार हाथी बहरादेव की मौत हो गई। बताया जाता है कि, यह हाथी दल में न घूमकर अक्सर स्वच्छंद ही घूमा करता था। ये अकेला ही पूरे जिले के लिए मुसीबत का सबब था। बता दें कि, पिछले डेढ़ वर्षों से बहरादेव नाम का हाथी स्वच्छंद विचरण कर रहा था। यह अकेला ही कई गांवों में फसलों, घरों और लोगों को नुकसान पहुंचाता था। इसे नियंत्रित करने के सारे उपाय फेल हो चुके थे। इस हाथी को रोकने के लिए ही वन विभाग की टीम ने जंगल में ही अस्थाई हाथी ट्रांजिट फैसिलिटी सेंटर विकसित किया था। उन्होंने जंगल में ही चारा-पानी की व्यवस्था कर दी थी। इससे हाथी के जंगल से बाहर नहीं निकलने की उम्मीद बढ़ गई थी लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। इस हाथी ने रात तो रात दिन में भी उत्पात मचा रखा था। लोग अक्सर दहशत में रहते थे कि, बहरादेव आया तो फसलों और मकान के साथ-साथ लोगों को भी नुकसान पहुंचाएगा। वहीं वन विभाग इसे रोकने के नए-नए तरीके ढूंढ़ रहा था पर बहरादेव पर नियंत्रण नहीं पा सका।

# स्वच्छता सप्ताह के चौथे दिन जल संरक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सूरजपुर(विश्व परिवार)।** विकासखंड रामानुजनगर के माध्यमिक शाला पतरापाली में स्वच्छता सप्ताह के चौथे दिन बच्चों को जल संरक्षण और प्राकृतिक जल संसाधनों को बचाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है। प्रत्येक बच्चा प्रतिदिन कम से कम एक लीटर पानी बचाये तथा घर और स्कूल में सही ढंग से जल का उपयोग करते हुए जल की बर्बादी को कम करें। शिक्षक योगेश साहू ने बच्चों को बताया कि हमें अपने दैनिक आदतें जो फर्क लाना हैं। दांत साफ करते समय नल बंद कर दें, घर के अंदर के पौधों को पानी देने के लिए वर्षा का पानी इकट्ठा करें, पौधों या बगीचे में पानी देने के लिए खाना पकाने के पानी का पुन: उपयोग करें साथ ही अपने परिवार के सदस्यों को जल संरक्षण के बारे में शिक्षित करें तथा टिकाऊ भविष्य के लिए जल संरक्षण के महत्व के बारे में बताएं। विज्ञान की शिक्षिका अनिता सिंह द्वारा बताया गया कि हमारे पृथ्वी की सतह लगभग 75 प्रतिशत जल से भरी है। परन्तु इसका 97 प्रतिशत जल समुद्रों में है तथा पृथ्वी का केवल 3 प्रतिशत जल ही पीने के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। इसलिए हमें जल का संरक्षण करना बहुत ही आवश्यक है। जल संरक्षण एवं प्राकृतिक जल संसाधनों पर बच्चों ने अपने व्यक्तव्य दिए। साथ ही सभी बच्चों ने जल संरक्षण करने हेतु अपनी सहभागिता निभाने का आस्वाशन दिया। कार्यक्रम में संकुल समन्वयक जीडी सिंह, महेंद्र पटेल, कृष्ण कुमार यादव, अनिता सिंह, योगेश साहू, रघुनाथ जायसवाल एवं सभी छात्र छात्राएं मौजूद थे।

# प्रदेश के बाहर से डीजल आयात कर अवैध रूप से भंडारित करने पर कलिंगा कमर्शियल कार्पो लिमिटेड पर हुई कार्यवाही

### 34 हजार लीटर डीजल टैंकर सहित राजसात, विस्फोटक लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही जारी

**रायगढ़(विश्व परिवार),।** प्रदेश के बाहर से डीजल परिवहन आयात कर अवैध भंडारण के मामले में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने बड़ी कार्यवाही की है। उन्होंने कलिंगा कमर्शियल कार्पो लिमिटेड के द्वारा अवैध रूप से भंडारित किए गए 34 हजार लीटर डीजल को टैंकर सहित राजसात करने के साथ कंपनी को जारी विस्फोटक लाइसेंस निरस्त करने विस्फोटक नियंत्रक रायपुर को लिखा है। छाल से घरघोड़ा मार्ग में वाहन टैंकर में अवैध रूप से डीजल का परिवहन करते हुए पाये जाने पर खाद्य विभागए रायगढ़ के संयुक्त जांच दल द्वारा कार्यवाही की गई। जिसमें उक्त टैंकर में 34 हजार लीटर डीजल भरा हुआ पाया गया, जो कि कलिंगा कमर्शियल कार्पो लिमिटेड के द्वारा प्रदेश के बाहर से आयात किया जा रहा था। प्रकरण में कलिंगा कमर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा पेट्रोलियम नियम 2002 के उल्लंघन किया जाना प्रमाणित होने के कारण कलेक्टर न्यायालय द्वारा प्रकरण में जप्त डीजलमय वाहन को राजसात किए जाने का आदेश पारित करते हुए कंपनी को जारी विस्फोटक अनुज्ञप्ति को निरस्त किए जाने हेतु विस्फोटक नियंत्रक रायपुर को कार्यवाही हेतु लिखा गया है। खाद्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कलिंगा कमर्शियल कार्पो लिमिटेड के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि फर्म कोयला खनन, कोयला लोड अनलोड, परिवहन सहित अन्य कार्यों के लिए संबंधित परिसर में अपने वाहनों एवं मशीनरी के लिए उक्त डीजल का आयात किया जा रहा था। कंपनी के पास इंडियन ऑयल कार्पोरेशन से अनुबंधित कंज्यूमर पम्प का भण्डारण लायसेंस है, जबकि जांच में उक्त कंपनी द्वारा कंज्यूमर पम्प के भूमिगत टैंक के अतिरिक्त वाहनों जिसमें रिफ्यूलर टैंक भी शामिल है। (जांच में रिफ्यूलर टैंक का विस्फोटक लाईसेंस प्रस्तुत नहीं किया गया)का उपयोग भण्डारण के लिए किया जाना पाया गया। इसी प्रकार कंपनी द्वारा रिलायंस, एचपीसीएल से ऑयल क्रय किया जाना पाया गया जबकि कंपनी को जारी एनओसी में केवल आईओसीएल से अनुबंध का उल्लेख है, जो पेट्रोलियम नियम 2002 के तहत उसे प्रदाय लाईसेंस की शर्तो का उल्लंघन है।

# डबल ईंजन की सरकार में कोरबा शहर का विकास हो रहा सांय-सांय : उद्योग मंत्री

### तीन वार्ड क्रमांक 15, 16 व 52 में कुल 75 लाख के विकास कार्यों का मंत्री देवांगन ने किया भूमिपूजन

### कोरबा के समुचित विकास के लिए पूरी कटिबद्धता के साथ किए जा रहे कायर्रू मंत्री देवांगन



**कोरबा(विश्व परिवार)।** मंगलवार को वाणिज्य उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में तीन वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। दर्री जोन के वार्ड क्रमांक 52 सिंचाई कॉलोनी दर्री में मंत्री देवांगन ने दर्री सिंचाई कॉलोनी स्थित गणेश पंडाल में दोपहर 4 बजे आयोजित कार्यक्रम में दर्री जोन के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 52 में फर्टिलाइजर बस्ती में राजू घर से रमेश घर तक फिरत घर से समारू घर मेन रोड इतवारी बाजार से सामुदायिक भवन तक, स्वास्थ्य केंद्र से एनटीपीसी प्लांट रोड तक सीसी रोड व नाली निर्माण कार्य लागत 22 लाख, वॉर्ड 52 एसएलआरएम सेंटर में सीसी सड़क का निर्माण कार्य लागत 13.7 लाख रुपए, वार्ड क्रमांक 52 प्राथमिक शाला नागोईखर में नवीन भवन का निर्माण कार्य लागत 13.92 लाख, कुल 49.62 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन मंत्री देवांगन के कर कमलों से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहा की पिछले 10 साल से उपेक्षा के शिकार रहे दर्री जोन के किसी भी वॉर्ड में अब विकास कार्य की कमी नहीं होने दी जाएगी। भाजपा की विष्णुदेव सरकार में अब कोरबा शहर के हर वॉर्ड का विकास सांय सांय होने लगा है। आज इस वार्ड में लगभग 50 लाख रुपए की लागत से कार्य शुरू होने जा रहे हैं, आने वाले दिनों में और भी कार्य प्रारंभ किए जा रहे हैं। इसी तरह टीपी नगर जोन अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 15 में ढोढीपारा स्थित शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में शाम 5 बजे आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में सब स्टेशन से चेतन घर तक आरसीसी नाली एवम् सीसी रोड निर्माण कार्य लागत 9.01 लाख, वॉर्ड क्रमांक 15 अंतर्गत ढोढीपारा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के सामने सीसी कार्य लागत 5.38 लाख , वार्ड क्रमांक 16 खान मोहल्ला एवम चारपारा कोहड़िया में पचरी निर्माण कार्य 11.04 लाख कुल लागत 25.42 लाख के कार्यों का भूमिपूजन मंत्री देवांगन के करकमलों से हुआ। इस अवसर पर मंत्री देवांगन ने कहा की पिछले 5 वर्षों में कोरबा शहर का विकास रुक सा गया था, एक काम के स्वीकृति और फिर काम शुरु होने मे दो से तीन साल लग जाते थे, लेकिन आज विष्णुदेव सरकार मे विकास कार्यों की स्वीकृति और कार्य तत्काल प्रारंभ हो रहे हैं। उन्होंने कहा की विधानसभा चुनाव के दौरान वार्डों के विकास की जितनी भी घोषणा की गई थी उसे पहले ही साल स्वीकृति दी जा चुकी है। हर वार्ड का चहुमुखी विकास करने का प्रयास किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क पर बेतरतीबी वाहन खड़े करने पर पुलिस सख्त

**कवर्धा(विश्व परिवार)।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव द्वारा स्वयं सड़क पर उतरकर कवर्धा शहर के अंदर बेतरतीबी तरीके से खड़े दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालको के खिलाफ मौके पर ही चलानी कार्यवाही किया गया। शहर की सड़कों पर जहां-तहां खड़े वाहनों की वजह से लगने वाले जाम को लेकर ट्रैफिक पुलिस द्वारा इन वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। आज शहर के भारत माता चौक, चौपटी, बस स्टैंड, बैंक ऑफ बड़ौदा के पास, गुरुनानक चौक, ठाकुर देव चौक, दर्री पारा, बाजार में पुलिस टीम द्वारा पैदल पेट्रोलिंग कर शहर के अंदर बेतरतीबी तरीके से खड़े दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालको के खिलाफ चलानी कार्यवाही किया गया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बताया कि चलानी कार्यवाही के दौरान सभी दुकानदारों को निर्देश दिए हैं कि वे दुकानों के आगे वाहनों को खड़ा करने की बजाए इसे खाली रखें ताकि लोगों को आने जाने में किसी प्रकार की समस्या का समाना न करना पड़े। वाहनों के सड़कों पर खड़े होने से इन स्थानों पर जाम की स्थिति बन रहती है। गाड़ी निर्धारित स्थान पर पार्किंग होने से शहर में जाम की स्थिति नहीं बनेगी।

### स्कूल के सामने नशे में झूमते टीचर का वीडियो वायरल

**जशपुर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ में पिछले कई दिनों से शराबी शिक्षकों की हरकते थमने का नाम नहीं ले रहा है। सरकार की लाख कोशिशों बाद भी शराबी शिक्षकों से मुक्ति छात्रों को नहीं मिल पा रही है। प्रशासन के सख्त निर्देश के बाद भी शिक्षक लापरवाही से पीछे नहीं हट रहे हैं। ऐसा ही एक मामला पत्थलगांव से सामने आया है। जहां एक शिक्षक शराब के नशे में स्कूल पहुंचा। इसी दौरान किसी ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जिसके बाद पूरे स्कूल प्रशासन में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, मामला माध्यमिक स्कूल डोभ का का है। जहां एक शिक्षक स्कूल संचालन के दौरान शराब के नशे में स्कूल पहुंचा था। तभी किसी ने वीडियो बना लिया। वीडियो में शराबी शिक्षक ये कहते हुए? दिखाई दे रहा है कि मेरी तबीयत खराब है और खून चेकअप का हवाला दे रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद अब शिक्षा अधिकारी ने स्कूल में औचक निरीक्षण करने पहुंचा। बगीचा शिक्षा अधिकारी ने उच्च अधिकारियों को प्रतिवेदन भेज दिया है।

### जुआ खेलते 4 गिरफ्तार

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा सभी थाना चैकियों को क्षेत्र में अपराधियों पर लगाम लगाने अपराधों में प्राथमिकता दिखाते त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिये गये हैं। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यु.बी.एस. चैहान एवं नेहा वर्मा अनुविभागीय अधिकारी कटघोरा पकंज ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पाली निरीक्षक चमन सिन्हा द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त लोगों के विरूद्ध अपराधों को प्राथमिकता पर लेकर कार्यवाही की जा रही है। सुत्रों से ज्ञात हुआ कि ग्राम केराझरिया हाउसिंग बोर्ड पेड के पास में कुछ व्यक्ति रूपये पैसो का दांव लगाकर काटपत्ती से जुआ खेल रहे है कि सूचना पर तत्काल सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए, थाना पाली स्टाप ग्राम केराझरिया हाउसिंग बोर्ड पेड के पास में जाकर घेराबंदी कर उनको पकड़ा गया। उनके कब्जे से नगदी रकम 81210ध्रू, 52 पत्ती ताश, एक प्लास्टिक झिल्ली एवं अधजली मोमबत्ती जप्त किया गया है। उक्त पर को विधिवत् गिरफ्तार कर मामला जुर्म जमानतीय होने से सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर रिहा किया गया है। उनकी गिरफ्तारी में निरीक्षक चमन सिन्हा, सउनि पुरूषोत्तम सिंह उइके प्रआर हिरावन सरूते आरक्षक अजय राजवाडे, अनिल कुर्रे, नारायण कश्यप, महिला आक्षक इंदु राजपूत तथा सैनिक डिक्सेना की विशेष भूमिका रही।

### दर्री-सीएसईबी मुख्य मार्ग में सड़क दुर्घटना एक व्यक्ति गंभीर

**कोरबा(विश्व परिवार)।** रोड एक्सीडेंट दर्री-सीएसईबी मुख्य मार्ग में भवानी मंदिर के समीप सड़क हादसे में इंडियन ऑयल की टैंकर वाहन ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, पूरे घटना क्रम में बाईक चालक गंभीर रुप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार घटना मगंलवार का बताया जा रहा है, जहा दर्री- सीएसईबी मुख्य मार्ग में इंडियन ऑयल टैंकर क्रमांक सीजी 10 डीजे 9145 में बाइक सवार व्यक्ति वाहन क्रमांक सीजी 10 बी 2106 को अपनी चपेट में ले लिया। राहगीरों के मुताबिक टैंकर वाहन चालक काफी तेज गति में था जिसने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बाईक सवार गंभीर रुप से घायल हो गया है। घायल बाईक सवार को उपचार हेतु ले जाया गया है। जिसकी हालत काफी नाजुक बताई जा रही है।

दैनिक
# विश्व परिवार

विचार-पक्ष

रायपुर शुक्रवार 06 सितंबर 2024

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com



## संपादकीय

## भावना के खिलाफ नियमों में परिवर्तन

न्यायमूर्ति कोहली और न्यायमूर्ति मेहरा की खंडपीठ ने केंद्र के रुख पर उचित नाराजगी जताई है। जजों ने कहा कि कोर्ट ने इस बारे में कई आदेश दिए हैं, लेकिन केंद्र ने उनकी भावना के खिलाफ जाकर नियमों में परिवर्तन कर दिया। आरंभ से ही नरेंद्र मोदी सरकार का रुख कारोबार जगत को तमाम तरह के विनियमों से मुक्त करने का रहा है। व्यापार के रास्ते में रुकावट डालने वाले नियमों और व्यापार को सामाजिक तकाजों के दायरे में रखने वाले नियमों के बीच वर्तमान सरकार ने फर्क मिटा दिया है। ऐसा ही एक कदम पिछले एक जुलाई को उठाया गया। केंद्र ने 1945 से लागू औषधि एवं कॉस्मेटिक्स नियमावली से नियम 170 को हटा दिया। इस नियम का मकसद गुमराह करने वाले विज्ञापनों को रोकना था। गौरतलब है कि रामदेव के पतंजलि आयुर्वेद के इस तरह के विज्ञापनों पर सर्वोच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया था। केंद्र ने नियम में बदलाव इसी विवाद की पृष्ठभूमि में किया। नई अधिसूचना के तहत आयुष (आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध, होमियोपैथी एवं प्राकृतिक चिकित्सा) से संबंधित कंपनियों को विज्ञापन संबंधी तमाम मर्यादाओं से मुक्त कर दिया गया। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस अधिसूचना पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति संदीप मेहरा की खंडपीठ ने केंद्र के रुख पर उचित नाराजगी जताई है। जजों ने कहा कि कोर्ट ने इस बारे में कई आदेश दिए हैं, लेकिन केंद्र ने उनकी भावना के खिलाफ जाकर नियमों में परिवर्तन कर दिया। कोर्ट ने अगले आदेश तक एक जुलाई की अधिसूचना पर रोक लगाते हुए कहा कि तब तक नियम 170 नियमावली का हिस्सा बना रहेगा। यहां याद कर लेना उचित होगा कि पतंजलि आयुर्वेद ने कई भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित किए थे, जिसके खिलाफ इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने कोर्ट की पनाह ली थी। न्यायालय ने माना कि एसोसिएशन की दलीलों में दम है। उसने रामदेव और इस कंपनी प्रबंध निदेशक बालकृष्ण को माफी मांगने के लिए मजबूर किया। उचित यह होता कि इस प्रकरण की रोशनी में केंद्र ज्यादा सख्त नियम लागू करने की पहल करता। मगर उसने आयुष कंपनियों को अंकुश मुक्त करने के कदम उठाए। केंद्र का ऐसा नजरिया पर्यावरण एवं अन्य कानूनों के मामले में पहले भी सामने आया है। उनके दुष्परिणाम धीरे-धीरे जाहिर होते गए हैं। इसके बावजूद हर कीमत पर कॉरपोरेट मुनाफा में सहायक बनने की राह वर्तमान सरकार नहीं छोड़ रही है।

# गुरुकुल परंपरा प्रारंभ हो-आचार्य विद्यासागर महाराज

■ शिक्षा नीति में आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज का विशेष योगदान - मुनिश्री निष्कंप सागर महाराज



आष्टा। करीब 7 साल पहले सन 2017 में छत्तीसगढ़ प्रांत के डोंगरगढ़ में विराजमान संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज के चरणों में इसरो के अध्यक्ष शिक्षा नीति के प्रमुख कस्तूरजी रंगन दर्शनार्थ पधारे और वर्तमान शिक्षा और अंग्रेजों की थोंपी गई शिक्षा के विषय में मार्गदर्शन लिया था। आचार्य भगवंत ने कहा था कि शिक्षा मातृभाषा में ही होना चाहिए। अपनी भाषा में शिक्षा का अलग महत्व है। शिक्षा के व्यवसायीकरण को रोकना होगा। शिक्षा के मुख्य उद्देश्य पर शासनको ध्यान देना चाहिए। विदेशी शिक्षा को आज भी ढो रहे हैं, तभी ढोर है। शिक्षा से जुडों, नई नीति से नहीं। राष्ट्रीय बनो ,भविष्य जानो, इतिहास पढ़ो तो वर्तमान में जिओ। भारत की मर्यादा साड़ी है।

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूज्य आचार्य गुरुवर विद्यासागर महाराज को भारत देश का मार्गदर्शक एवं चिंतक मानते थे। गुरुकुल परंपरा पुनः प्रारंभ हो।

शिक्षक दिवस पर नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनिश्री निष्कंप सागर महाराज ने विशेष चर्चा करते हुए शिक्षकों के प्रति आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज के दिल में क्या भाव थे तथा शिक्षा नीति पर क्या कहना चाहते थे इसकी विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि ---

शिक्षा मातृभाषा में ही हो --

शिक्षा का सबसे शक्तिशाली अंग हमारी भाषा है। हमारी भाषा व्यक्ति के शारीरिक और बौद्धिक विकास में सहयोगी है। जितने भी देश गुलाम हुए और स्वतंत्रता प्राप्त की, वह अपनी मातृभाषा से। जब व्यक्ति को स्वप्न भी आते हैं तो हिन्दी भाषा में ही आते हैं, तो हम अपनी मातृभाषा को छोड़कर विदेशी भाषा का उपयोग क्यों करें। हम भाषा के विरोधी नहीं हैं, हमें हर भाषा की जानकारी होना चाहिए लेकिन पढ़ाई हिन्दी माध्यम से ही होना चाहिए।

अपनी भाषा में शिक्षा --एक भाषी बच्चों की तुलना में बहुभाषी बच्चें तेजी से सीखते हैं और बौद्धिक विकास होता है। अपने भारत के भारतीय सौभाग्यशाली हैं, हमारे तो वैज्ञानिक , सांस्कृतिक ,साहित्य रूप में अनेक भाषाओं की प्राचीन परंपरा है किंतु हमारी शिक्षाप्रणाली इन भाषाओं के बजाय अंग्रेजी को महत्व ज्यादा देती है। यह देश के हित में नहीं है। इससे हमारा भारत शिक्षित तो हो जाएगा, लेकिन विकसित नहीं होगा। विकसित तो अपनी मातृभाषा से ही होगा।

शिक्षा के व्यवसायीकरण को रोकना होगा --जो शिक्षा नीति भारत में है, उसमें सर्वप्रथम शिक्षा का व्यवसायीकरण को रोकना होगा। सरकारी ,प्राइवेट स्कूलों के नियम एक समान होना चाहिए। शुल्क भी कम होना चाहिए ।सभी स्कूलों में समानता होना चाहिए ।जो परिवार पढ़ाने में सक्षम नहीं हैं उनकी पढ़ाई निःशुल्क होना चाहिए। पहले भारत देश में 97 प्रतिशत शिक्षित व्यक्ति रहते थे । गुरुकुल पद्धति थी तथा 7 लाख 32 हजार गुरुकुल थे। जहां भारतीय परंपरा अनुसार शिक्षा निशुल्क दी जाती थी कम से कम 200 विद्यार्थी और अधिक से अधिक 20 हजार विद्यार्थी इन गुरुकुलों से लाभ लेते थे।

शिक्षा का मुख्य उद्देश्य --- शिक्षा प्राप्ति का उद्देश्य पहले मनुष्य को आजीविका प्रदान करना था ,लेकिन वर्तमान में देखने को मिलता है आगे बढ़ाने की चाहत में स्पर्धा हो गई है। जिसके कारण अनिवार्य कौशलों को सीखने की बजाय विद्यार्थियों का पूरा ध्यान केवल परीक्षा के अंकों में लगा रहता है ,जिसके कारण वह कौशलों को सीखने से वंचित है। नई शिक्षा नीति में बच्चों को लौकिक शिक्षा के साथ नैतिक शिक्षा भी सीखाना चाहिए ,जिसका वह अधिकारी है। इससे बच्चों में श्रम के प्रति सम्मान का भाव भी विकसित हो सकेगा जितने भी महापुरुष चाहें मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम ,हनुमान आदि रहे वह सब गुरुकुल में पढ़े, वहां पर हर विद्या सिखाई जाती थी।

विदेशी शिक्षा ढो रहे हैं ,तभी हम ढोर हैं --विदेशी शिक्षा मात्र अक्षरीय शिक्षा है, संस्कारित नहीं। अतः इस नीति से शिक्षा प्रदान करना मात्र पुस्तकों का बोझ बढ़ाना है ।ढोर का अर्थ पशु होता है, अतः पुस्तकों का बोझ ढोने वाला संस्कार विहीन विद्यार्थी पशु समान है।

शिक्षा से जुडों, नई नीति से नहीं, राष्ट्रीय बनो --भारतीय शिक्षा से जुड़ो, विदेश की नीति अर्थात चाल अंग्रेजी शिक्षा से नहीं ,तब हमारा राष्ट्र बनेगा।

भविष्य जानो ,इतिहास पढ़ो तो वर्तमान में जिओ--काल तीन प्रकार का भूत ,भविष्य और वर्तमान। यदि वर्तमान को सुधारना है तो इतिहास पढ़ो और अपनी गलतियों को सुधरो तभी भविष्य उज्ज्वल बना पाओगे। हमें वर्तमान में रहना है ,क्योंकि वर्तमान अपना है ,भविष्य सपना है और अतीत कल्पना है। आप या हम कर्तव्यनिष्ठ बने ,हम ही बने--किसी भी कार्य की शुरुआत सर्वप्रथम कर्तव्यनिष्ठ बनकर स्वयं करें ,किसी दूसरे को ना कहें कि आप यह कार्य करें। हमारे कर्तव्य देख सामने वाले को कर्तव्य बोध हो जाएगा। वह आगे आकर कार्य करने लगेगा ।स्वयं कर्तव्य ना करते हुए यदि कर्तव्य करने की भी शिक्षा दी जाती है तो वह शिक्षा भी कार्यकारी सिद्ध नहीं होती। खेती-बड़ी है, भारत की मर्यादा, शिक्षा साड़ी है -- जिस प्रकार बागड के द्वारा फसल की रक्षा होती है, ठीक उसी प्रकार संस्कारित शिक्षा और साड़ी रूप परिधान भारत की मर्यादा है ।अर्थात बागड़ की तरह रक्षा करने वाली है। पीछे भी देखो, लेकिन पिच्छ लग्गू न बने,पीछे रहोगे--हमको हमारा अतीत देखना है। भारत क्या था, भारत का स्वर्णिम इतिहास हमें राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर देता है। पाश्चात्य सभ्यता का अंधाणुकरण विनाश के कगार पर पहुंचा देगा। अंग्रेजों की नीति के पिछलग्गू ना बनो। नहीं तो हमेशा पीछे ही रहोगे। उड़ना भूली, चिड़िया सोने की तू, उठ उड़ जा --प्राचीन काल में भारत अत्यंत विकसित और समृद्धशाली देश रहा है ।अतः विदेशी भारत को सोने की चिड़िया मानते थे और इसी वजह से लोभी और क्रूर विदेशियों ने आतंक फैलाकर भारत को खूब लूटा और परतंत्र बना दिया ।कालांतर में भारतीय अपने संस्कृति और समृद्धि का इतिहास ही भूल गए हैं। इसलिए भारतीयों को सचेत करते हुए मनीषियों ने भी कहा है -है भारतीयों अपने इतिहास को समझो जागो, उठो और अपनी संस्कृति की ओर लौटो ।तभी हमारा भारत पुनः भारत बनेगा, भारत बनने में हमारी शिक्षा का बहुत महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। इंडिया नहीं भारत बोलो।

आचार्य गुरुवर श्री विद्यासागर जी महाराज ने धर्म के साथ - साथ राष्ट्र-निर्माण के लिए विशेष और महत्वपूर्ण कार्य किए ?गुरुकुल पद्धति को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न शहरों में ज्ञानोदय विद्यापीठ प्रतिभा स्थली का शुभारंभ कराया। स्वावलंबी बनाने के लिए शुद्ध अहिंसा से निर्मित वस्त्रों के उत्पादन के लिए

हथकरधा,चलचरखा जैसे उद्योग को बढ़ावा दिया। पूर्णायु आयुर्वेद विद्यालय का निर्माण किया। तिहाड़ जेल सहित अन्य जेलों में बंदियों के लिए हथकरधा के माध्यम से रोजगार दिया। जिससे वह अपराध को छोड़कर अपराध बोध किया। ऐसे अन्य कार्य पूज्य गुरुदेव आचार्य भगवंत विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद से हुए। हम शिक्षक दिवस के पावन अवसर पर ऐसे गुरु के चरणों में नमन व प्रणाम करते हैं।

## आलेख

## भाजपा के पास मुद्दों का अकाल

हरिशंकर व्यास

भारतीय जनता पार्टी अपने चुनावी मुद्दे आगे करने और नैरेटिव बनाने के लिए जानी जाती थी। नरेंद्र मोदी और अमित शाह दोनों अपने मुद्दों पर विपक्ष को खींच कर लाते थे। भाजपा के तय किए मुद्दे पर चुनाव लड़े जाते थे। लेकिन ऐसा लग रहा है कि मुद्दों का सूखा हो गया है। भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं दिख रहा है, जिस पर उसको चुनाव लड़ना है। अच्छे दिन से लेकर महंगाई और भ्रष्टाचार पर मार का मुद्दा गायब हो गया है। अब इन मुद्दों पर भाजपा खुद ही घिर जाती है। विश्व गुरू का एजेंडा भी चल नहीं रहा है हालांकि प्रधानमंत्री मोदी बासी कढ़ी में उबाल लाने में जुटे हैं। तभी लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद रूस, पोलैंड और यूक्रेन की दौड़ लगा चुके हैं और अब अमेरिका जाने वाले हैं। लेकिन कुल मिला कर भाजपा के पास मुद्दों का अकाल है। इसके उलट यह स्थिति है कि उसको विपक्षी पार्टियों के गठबंधन इंडिया' के तय किए एजेंडे पर रोज प्रतिक्रिया देनी पड़ती है। विपक्षी पार्टियों ने संविधान और आरक्षण का मुद्दा अभी छोड़ा नहीं है। कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियां लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित होकर संविधान बचाने और आरक्षण की रक्षा करने की राजनीति अब भी कर रहे हैं। इस बीच पता नहीं सरकार में किसने लैटरल एंट्री के जरिए एक साथ 45 पदों पर नियुक्ति का विज्ञापन निकालने की सलाह दी। इसे सरकार ने वापस ले लिया लेकिन विपक्ष यह मैसेज बनवाने में कामयाब हुआ कि केंद्र की मोदी सरकार आरक्षण खत्म करना चाहती है। इसी तरह अनसूचित जाति यानी एससी और अनुसूचित जनजाति यानी एसटी के आरक्षण में वर्गीकरण के सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी भाजपा की चुप्पी का बड़ा मैसेज दोनों समूहों में जा रहा है। केंद्र सरकार ने क्रीमी लेयर के मामले में स्थिति स्पष्ट कर दी लेकिन वर्गीकरण के मामले पर चुप रही। इसे लेकर 21 अगस्त को भारत बंद हुआ, जिसे कई राज्यों में बड़ी सफलता मिली। अब भाजपा इस मसले पर भी सफाई देती फिर रही है। महाराष्ट्र और हरियाणा में उसकी चुनी हुई सरकार है और जम्मू कश्मीर पिछले छह साल से बिना विधानसभा के है और सीधे केंद्र सरकार के हाथ में कमान है। उससे पहले 2014 से 2018 तक भाजपा पीडीपी के साथ सरकार में थी। महाराष्ट्र में ढाई साल को छोड़ दें तो पिछले साढ़े सात तक भाजपा की सरकार रही है और हरियाणा में 10 साल से भाजपा की सरकार है। सो, तीनों राज्यों में भाजपा के खिलाफ एंटी इन्कम्बैंसी है, जिसका जवाब उसे देना पड़ रहा है। विपक्ष ने विकास नहीं होने और भ्रष्टाचार का मुद्दा बनाया है। इन तीनों राज्यों में विपक्ष को घेरने के लिए भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं है। जम्मू कश्मीर में भाजपा जरूर यह पूछ रही है कि कांग्रेस बताए कि अनुच्छेद 370 पर उसका क्या रुख है। असल में कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ तालमेल कर लिया है, जिसके बाद कश्मीर घाटी में भाजपा को इन दोनों पार्टियों के बहुत अच्छा प्रदर्शन करने का अंदाजा है। सो, वह कांग्रेस को अनुच्छेद 370 पर घेर रही है। लेकिन उसको पता है कि इस मुद्दे पर ज्यादा शोर हुआ तो घाटी की 47 सीटों पर भाजपा के हाथ कुछ भी नहीं लगेगा। इस मुद्दे के आधार पर वह जम्मू में अच्छा प्रदर्शन करेगी तब भी 43 में से कितनी सीटें जीत पाएगी? इसी तरह हरियाणा में 10 साल के राज की एंटी इन्कंबैंसी कम करने के लिए मुख्यमंत्री पद से मनोहर लाल खट्टर को हटाया गया लेकिन उनको केंद्र में दो भारी भरकम मंत्रालय देकर मंत्री बनाया गया है। वे अब भी हरियाणा में सक्रिय हैं, जिससे एंटी इन्कम्बैंसी खत्म करने का दांव कामयाब नहीं हो रहा है। विपक्ष 10 साल की विफलता और किसानों के मुद्दों को पकड़े हुए है। भाजपा की नई बनी सांसद कंगना रनौत ने किसान आंदोलन पर बेहद आपत्तिजनक बयान देकर और किसानों को नाराज किया है। और जाति गणना का विरोध करके भी कंगना ने भाजपा को मुश्किल में डाला है। सो, कोई मुद्दा बनाने की बजाय भाजपा जवाब देने में ही उलझी है। झारखंड में जरूर हेमंत सोरेन की पांच साल की सरकार को घेरने का प्रयास भाजपा कर रही है लेकिन वहां भी भाजपा को समझ में नहीं आ रहा है कि वह आदिवासी राजनीति को साधे या गैर आदिवासी राजनीति के रास्ते पर चले। इस बीच कांग्रेस, जेएमएम और राजद गठबंधन ने आदिवासी विरोध, आरक्षण, संविधान आदि का मुद्दा बनाया हुआ है। वहां भी विपक्ष ज्यादा आक्रामक और हमलावर दिख रहा है।

# मोदी की यूक्रेन को यकीन दिलाने की यात्रा

हर्ष वी पंत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यूक्रेन यात्रा को दुनिया के कई हिस्सों में बहुत करीब से देखा जा रहा है। खुद कीव भी इस यात्रा को लेकर काफी उत्साहित है, क्योंकि यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा है। उल्लेखनीय यह भी है कि जुलाई में जब प्रधानमंत्री रूस में थे, तब यूक्रेन ने उनकी आलोचना की थी। उसका कहना था कि मॉस्को जब कीव पर इतनी बर्बरता कर रहा है, तो भारत भला कैसे उसे अपना समर्थन दे सकता है? जाहिर है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन पहुंचकर उसकी यह शिकायत दूर कर रहे हैं कि मॉस्को से पुरानी दोस्ती के कारण रूस-यूक्रेन युद्ध में भारत एकतरफा भूमिका निभाता दिख रहा है।

देखा जाए, तो इस युद्ध को लेकर भारत का मत शुरू से ही स्पष्ट रहा है। हम युद्ध का अंत बातचीत की मेज पर चाहते हैं और संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता जैसे अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी सिद्धांतों को हर हाल में सुनिश्चित करना चाहते हैं। भारत ने सार्वजनिक तौर पर भले रूस की आलोचना नहीं की, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी मॉस्को यात्रा में सबके सामने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यह जरूर कहा कि यह समय युद्ध का नहीं है और हमें भू-राजनीतिक मसलों का हल गोली-बारूद से नहीं निकालना चाहिए। भारत चूंकि दोनों पक्षों में आपसी बातचीत के जरिये युद्ध का समाधान चाहता है, इसलिए 15-16 जून, 2024 को स्विट्जरलैंड में यूक्रेन मसले का हल निकालने के लिए बुलाए गए अंतरराष्ट्रीय शांति शिखर सम्मेलन में हमने हिस्सा नहीं लिया, क्योंकि उसमें रूस को नहीं बुलाया गया था। प्रधानमंत्री की रूस यात्रा का भी जब पश्चिमी देश विरोध कर रहे थे, तब भी हमने यही कहा था कि भारत इस युद्ध को लेकर अपने स्थापित सिद्धांत पर ही आगे बढ़ रहा है और हम किसी के दबाव में अपनी विदेश नीति नहीं तय करते। बहरहाल, यूक्रेन यात्रा से पहले प्रधानमंत्री पोलैंड में थे, जहां उन्होंने व्यापार, तकनीक और रक्षा संबंधों का खास तौर पर जिक्र किया। उन्होंने वहां भारतवंशियों से भी मुलाकात की और पोलैंड को लेकर नई नीतियों का खाका खींचने पर जोर दिया। यह करना जरूरी भी था, क्योंकि पोलैंड मध्य यूरोप का एक अहम देश है। तेज विकास दर के कारण इसे पश्चिम की 'टाइगर इकोनॉमी' कहा जाता है और यूरोप में इसकी भूमिका लगातार बढ़ रही है। यह अंतरराष्ट्रीय मसलों पर यूरोप के पारंपरिक रुख से इतर अपनी राय रखता है। यूक्रेन संकट पर भी यह लगातार मुखर है और यूरोप के अगुवा देशों में स्थान बनाने को तत्पर है। चूंकि मध्य यूरोप भारत के लिए अहमियत रखता है, इसलिए पोलैंड के साथ करीबी हमारे लिए काफी महत्वपूर्ण है। भू-राजनीति भी हमें पोलैंड के नजदीक ले जाती है। उल्लेखनीय है कि भू-राजनीतिक मसलों पर भारत सिर्फ अपना हित नहीं देखता, बल्कि विकासशील व गरीब देशों का रुख भी सामने रखता है। यही कारण है कि हम वैश्विक दक्षिण, यानी 'ग्लोबल साउथ' की मजबूत आवाज बन रहे हैं। चाहे यूक्रेन संकट हो या इजरायल-हमास युद्ध, भारत का रुख इस दायित्व से भी प्रभावित रहा है। इस समय जब दुनिया के तमाम बड़े देश आपस में जूझ रहे हैं, तब गरीब व विकासशील देशों की आवाज बमुश्किल वैश्विक मंचों पर जगह बना पा रही है। ऐसे में, अंतरराष्ट्रीय जगत में अपने बढ़ते कद का लाभ उठाकर भारत उनकी स्वाभाविक सशक्त आवाज बन रहा है। यूक्रेन युद्ध को जल्द खत्म कराने को लेकर भारत यदि तत्परता दिखा रहा है, तो उसकी एक वजह उस पर 'ग्लोबल साउथ' की महती जिम्मेदारी का होना है। कहा यह भी जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी यूक्रेन किसी खास शांति मिशन के तहत जा रहे हैं। ऐसा कहने वाले इस तथ्य से अनजान हैं कि इस युद्ध को लेकर भारत का नजरिया स्पष्ट है। वह इसके तमाम भागीदारों को बातचीत की मेज पर बिठाकर मामला सुलझाने का पक्षधर है। हां, नई दिल्ली इस बात से भी वाकिफहै कि अगर यह संकट और लंबा चला, तो इसका जो प्रतिकूल असर विकासशील देशों व ग्लोबल साउथ पर हो रहा है, उसे नजरंदाज करना मुश्किल हो जाएगा। इसके साथ-साथ, भारत यह भी स्पष्ट करना चाहता है कि वह किसी के दबाव में नीतियां नहीं बना रहा। अपने सामरिक, आर्थिक और रक्षा संबंधों को बरकरार रखते हुए प्रधानमंत्री मोदी यदि रूस जा सकते हैं, तो पोलैंड और यूक्रेन जाकर वह यह भी संदेश देने से नहीं चूकना चाहते कि दोनों पक्षों से वह लगातार संपर्क में हैं। असलियत भी यही है कि भारत उन चंद देशों में एक है, जिसके तार सभी तरफ से जुड़े हुए हैं। हम पश्चिमी देशों के भी उतने ही करीब हैं, जितने रूस के। भारत मौजूदा ध्रुवीकरण को पाटने की हरसंभव कोशिश कर रहा है, जिसका नमूना हमें प्रधानमंत्री की पोलैंड और यूक्रेन यात्रा में दिख रहा है। यहां गुटनिरपेक्षता जैसे सिद्धांत बेमानी साबित हो रहे हैं। वैसे, इस नीति को भारत काफी पहले तिलांजलि दे चुका है। गुटनिरपेक्षता के मुताबिक, हम किसी भी गुट में शामिल नहीं होंगे और किसी समूह के साथ घनिष्ठ संबंध नहीं बनाएंगे, लेकिन अब तो भारत हर किसी के साथ करीबी रिश्ता रखना चाहता है। रूस-यूक्रेन मामले में ही हम मॉस्को के साथ तमाम तरह की आर्थिक और व्यापारिक गतिविधियां बनाकर रखे हुए हैं, जबकि यूक्रेन की मदद करती पश्चिमी ताकतों के साथ भी हमारा बहुमूल्य गठबंधन बदस्तूर जारी है। वास्तव में, यही मौजूदा दौर की राजनीति है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले एक दशक में अच्छी-खासी मजबूती दी है। इसका सबसे बड़ा फायदा यह हुआ है कि भारत को लेकर अब दुनिया भर की अपेक्षाएं बढ़ गई हैं और नई दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर गंभीरता से सुना जाने लगा है। हमारी कई मामलों में चीन के साथ तुलना की जाती है, लेकिन भारत की स्पष्टवादिता अंतरराष्ट्रीय जगत में इसे खास और चीन से अलग बना देती है। इस रुतबे का हमें इस्तेमाल करना चाहिए।

# देश संवारने में लगीं लखपति दीदियां....

शिवराज सिंह चौहान

किसी बहन की आंखों में आंसू न रहे, हर एक चेहरे पर मुस्कराहट आए, कोई मजबूर न रहे, यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है, इसीलिए उन्होंने लखपति दीदी अभियान चलाया है। ऐसी दीदी, जिनकी सालाना आय एक लाख रुपये से अधिक हो, ऐसी एक करोड़ दीदियां लखपति बन चुकी हैं और विगत 100 दिन में 11 लाख दीदी लखपति बनी हैं। हमारी सरकार इस अभियान में तेजी से जुटी हुई है। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में इस अभियान से लगातार महिलाएं जुड़ रही हैं और स्व-सहायता समूह के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। जल्द ही तीन करोड़ दीदियां लखपति दीदी बन जाएंगी। देश में महिलाएं आगे बढ़ें, समृद्ध और संपन्न बनें व प्रगति के नए आयाम स्थापित करें, इसके लिए विगत 10 वर्षों से महिला कल्याण के अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। महिलाओं के शैक्षणिक, सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक सशक्तीकरण को सुनिश्चित किया गया है। महिलाएं हमारे समाज और राष्ट्र की धुरी हैं। हमारे गौरवशाली और समृद्ध भविष्य का आधार हैं। हमारे वेदों और पुराणों में नारी के महत्व का उल्लेख किया गया है। नारी शक्ति के बिना राष्ट्र की समृद्धि की कल्पना नहीं की जा सकती है, इसलिए प्रधानमंत्री ने नारी शक्ति के समग्र विकास और संपूर्ण उत्थान को अपने जीवन का लक्ष्य बनाया है। महिला सशक्त होगी, तो परिवार सशक्त होगा, परिवार सशक्त होगा, तो समाज सशक्त होगा और समाज के सशक्त होने से राज्य व राष्ट्र सशक्त होगा। लखपति दीदी अभियान से पीढ़ियां समृद्ध और सशक्त हो रही हैं, इसलिए महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए केंद्र सरकार ने 2,500 करोड़ रुपये 'रिवॉल्विंग फंड' के रूप में स्वयं-सहायता समूहों के खातों में डाले हैं और पांच हजार करोड़ रुपये के बैंक ऋण जारी किए हैं, जिससे बहनें तेजी से लखपति दीदी बन सकें। प्रधानमंत्री कहते हैं कि भारत को विकसित बनाने के लिए भारत की प्रत्येक महिला को आर्थिक रूप से समृद्ध करना होगा, इसलिए हमारी सरकार महिलाओं की आर्थिक शक्ति को बढ़ाने के लिए सभी दिशाओं में काम कर रही है। बैंक सखी, कृषि सखी, पशु सखी, नमो ड्रोन दीदी इसी दिशा में बढ़ाए गए महत्वपूर्ण कदम हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार-स्वरोजगार के नए अवसर देने और सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पहलुओं पर सशक्त बनाने की सोच को दर्शाते हैं। आज हमारी लखपति




दीदी कृषि और गैर-कृषि, कुटीर उद्योग, पोषण आहार, स्वच्छता अभियान, परिवहन सहित व्य गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए नरेंद्र मोदी ने बहनों-बेटियों के सर्वसमावेशी विकास के लिए 'नारी गौरव नीति' जैसी योजना बनाई थी। वहां बहनें स्वावलंबी, आत्मनिर्भर, सशक्त और आर्थिक रूप से सक्षम बनें, इस दिशा में अनेक कार्य किए गए। आज बहनें सिद्ध कर रही हैं कि वे अबला नहीं, सबला हैं। बोझ नहीं, वरदान हैं। आज देश भर में करीब 92 लाख स्व-सहायता समूह कार्य कर रहे हैं, जिनसे 10 करोड़ बहनें जुड़ी हैं। स्व-सहायता समूह के माध्यम से बहनों ने अपना जीवन बदला है और वे देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सरकार का सदैव यह प्रयास रहा है कि बहनों के जीवन में कैसे खुशियां लेकर आएं। इसके लिए प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अनेक तरह की योजनाएं भी बनाई गई हैं। जहां एक ओर 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान और 'सुकन्या समृद्धि' जैसी योजनाओं के माध्यम से लिंगानुपात में क्रांतिकारी बदलाव आया है। 'उज्ज्वला योजना' के माध्यम से 10 करोड़ से अधिक बहनों का खुशहाली से कनेक्शन जुड़ा और धुएं से मुक्ति मिली। आज पीएम मुद्रा योजना और जन-धन योजना के माध्यम से करोड़ों बहनों के खाते में खुशियां सीधे पहुंच रही हैं। जल जीवन मिशन जैसे अभूतपूर्व प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में भी बहनों को नल से शुद्ध जल मिलना आसान हुआ है। मातृत्व अवकाश की अवधि बढ़ाने का प्रधानमंत्री का निर्णय अभूतपूर्व है और इसका सीधा लाभ कामकाजी महिलाओं को मिल रहा है। बेटियों के लिए सैनिक स्कूल के द्वार खोलने जैसे निर्णयों से सेना में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ रहा है। साथ ही, भारतीय सेना में महिला अधिकारियों को उच्च पदों पर नियुक्ति और नई भर्ती के द्वार भी खोले गए हैं। तीन तलाक के खिलाफकानून बनाकर, मुस्लिम महिलाओं को नया अधिकार दिया गया, जिससे उनका भाग्य बदला है। खेलों के क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ें, नई प्रतिभा बाहर आए, इसलिए खेलो इंडिया जैसे कार्यक्रमों से निकली खिलाड़ी बेटियों ने ओलंपिक जैसे वैश्विक मंचों पर भारत का तिरंगा लहराया है। झआजादी के अमृतकाल में नारी का अभ्युदय और प्रत्येक क्षेत्र में उसकी भागीदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए प्रधानमंत्री प्रतिबद्ध हैं। महिला कल्याण केंद्रित योजनाओं से महिलाओं को सुगमता के साथ जीवन जीने का अवसर मिला है। बेटियां गंगा, गीता, गायत्री हैं। सीता, सत्या, सावित्री हैं। दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती हैं। इनके बिना सृष्टि नहीं चल सकती। आज परिवार से लेकर पंचायत तक, शिक्षा से लेकर अर्थव्यवस्था व उद्यम तक, नारी शक्ति हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। स्टार्टअप से लेकर स्पेस तक भारतीय महिलाओं ने अपना परचम लहराया है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिन्दगी के इस रण में, खुद को ही कृष्ण और, खुद को ही अर्जुन बनना पड़ता है



**हैदराबाद ( विश्व परिवार )।** रोज अपना ही सारथी बनकर, जीवन की महाभारत को खुद से लड़ना पड़ता है। इसलिए घर, परिवार और समाज में जीना है तो अपनी बुराई सुनने की आदत डालो। क्योंकि दुनिया में बुरे लोगों की कमी नहीं है। वह तुम्हारी बुराई जरूर करेंगे। अपने में सहनशीलता पैदा करो क्योंकि यहाँ खुशियों की जिंदगी जीने वालों को, बहुत कुछ सहना पड़ता है। परिस्थितियों के अनुरूप अपने आप को बदलना सीखो। क्योंकि इसके अलावा और कोई चारा भी नहीं है। जो माँ बाप मिलने थे, वो मिल गए, अब उन्हें तुम बदल नहीं सकते। जो पत्नी मिलना थी, वह भी मिल गई, अब उसे भी तो नहीं बदला जा सकता। जो बेटे बेटियाँ मिलने थे, वे भी मिल गए, उन्हें भी नहीं बदला जा सकता। अब कुछ नहीं बदला जा सकता है। बस, अब बदल सकते हो तो, तुम अपने आप को बदल सकते हो। अपना स्वभाव बदल सकते हो। अपने जीने का ढंग बदल सकते हो। अपनी आदत को बदल सकते हो। बदलाव की केवल यही एक प्रक्रिया शेष है। तुम अपने स्वभाव को बदलकर, नर्क बने जीवन को स्वर्ग में तब्दील कर सकते हो। यह अधिकार भी तुम्हें है। यह तुम्हारी अपनी जन्मजात स्वतंत्रता है। यह स्वतंत्रता कल भी थी, आज भी है और कल भी रहेगी। **-नरेंद्र अजमेरा**

### जैन मुनि की उत्कृष्ट कठोर साधना का उदाहरण मुनि श्री सविज्ञसागर जी महाराज, मुनिश्री का आज 17 उपवास निर्जला पूर्ण



**नैनवा जिला बूंदी राजस्थान ( विश्व परिवार )।** निश्चित रूप से यह सत्य कथन है कि हमारे जैन संत धरती पर जो बहुत ही सुंदर पंक्तियां में हम कह सकते हैं। तुम विश्व धर्म के सूरज हो, तप त्याग की अद्भुत मूरत हो है। धन्य धन्य महिमा तेरी तम हरने वाले सूरज हो, जी हां इसका अनुपम उदाहरण नैनवा जिला बूंदी राजस्थान में परिलक्षित हो रहा है। यहा पर चतुर्थ पटाधीश आचार्य श्री 108सुनील सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 श्रुतेशसागर जी महाराज मुनि श्री 108सविज्ञसागर जीमहाराज छुल्लक105 सुप्रकाश सागर जी महाराज का वर्षायोग नैनवा राजस्थान में भक्ति उल्लास के वातावरण में संपन्न हो रहा है। नैनवा की धरा पर एक अद्भुत आलोक जैन संत की साधना देखते बन रही है जी हा उत्कृष्ट तपस्वी मुनि श्री 108 सविज्ञसागर जी सागर महाराज वर्षा योग कलश स्थापना से दो निर्जल उपवास एवम एक आहार कर रहे। श्री महावीर जैन सरावगी नैनवा जैन गजट संवाददाता ने बताया कि मुनि श्री ने उत्कृष्ट तप साधना करते हुए निर्जला 17 उपवास तपसाधना करते हुए पूर्ण किया। पंचम युग में इतनी साधना अपने आप में अद्भुत है इनकी साधना देखा और लोग दांतों तले उंगली दबा रहे हैं। बहुत ही खूबसूरत लिखा है किसी ने दिगंबर संत के लिए जिनकी है निष्काम साधना उनका साहस अदम्य है। जिनके लिए आकाश ही अंबर है ऐसे दिगंबर संत का क्या कहना सचमुच ऐसे निर्ग्रंथ संत साधना के सुमेरू है। यह नैनवा नगरी का बहुत बड़ा पुण्य एवम स्वर्णिम अवसर है कि वर्षायोग नैनवा को मिला दूर-दूर से गांव-गांव से बड़े-बड़े शहरों से से प्रतिदिन मुनि श्री दर्शन करने लोग उमड़ रहे हैं। किशनगढ़ जहां आचार्य श्री सुनील सागर महाराज विराजित हैं वहां से अनेकों भक्त महाराज श्री की सेवा सुश्रुषा करने किशनगढ़ से नैनवा आते हैं। सचमुच सेवा भक्ति तप साधना का बेजोड़ संगम नैनवा राजस्थान की पावन धरा पर दृष्टिगत हो रहा है। **-अभिषेक जैन लुहाड़िया**

## पर्युषण महापर्व पर मानव सेवा प्रकल्प नि:शुल्क जयपुर पैर, श्रवण यन्त्र वितरण

**श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में शीघ्र कृत्रिम हाथ वितरण शिविर 50 को जयपुर पैर व 50 दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ दिए जावेंगे**

**श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर में आज 6 सितम्बर को मधुर गायिका अनुषा गोलछा की प्रभुभक्ति होगी**




**रायपुर ( विश्व परिवार )।** खरतरगच्छाधिपति आचार्य श्री जिनमणि प्रभ सूरीश्वर जी द्वारा प्रतिष्ठित श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी, भैरव सोसायटी में पर्युषण पर्व के पावन अवसर पर धर्म आराधना के साथ ही मानव सेवा के कार्य किये जा रहे हैं। श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि जैन धर्म में मानव सेवा जीव दया करुणा का विशेष महत्व है। पर्युषण पर्व के अवसर पर पैर कटे दिव्यांगों को श्री विनय मित्र मण्डल व सेवा ग्रुप के सहयोग से जयपुर पैर प्रदान किए गए। इस हेतु पैर कटे भाई बहनों का परीक्षण कर वर्कशॉप में उनके नाप के कृत्रिम पैर बनाए गए। पैर कटने से जिंदगी थम सी जाती है पुन: पैर लगाकर उन्हें चलाया दौड़ाया जाएगा। आज सेवा ग्रुप के साथ मिलकर 4 दिव्यांगों नसीफ खान 43 वर्ष, रंजीत सिंग 65 वर्ष, हेमा साहू 30 वर्ष एवं भान सिंग साहू 60 वर्ष को विनय मित्र मण्डल के वर्कशॉप में निर्मित जयपुर पैर प्रदान किये गए। सेवा ग्रुप से ममता सुराना, राजकुमारी बाफना, कल्पना भन्साली, सीमा बाफना, कोकिला सुराना व हर्षा जैन उपस्थित थे। ट्रस्टी नीलेश गोलछा व टीकम जैन ने बताया कि बुजुर्गों को श्रवण यन्त्र दिए जा रहे हैं जिन बुजुर्गों को कम सुनाई देता है वे प्रात: श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर भैरव सोसायटी में सम्पर्क कर सकते हैं। महेन्द्र कोचर ने आगे बताया कि ट्रस्ट द्वारा शीघ्र ही हाथ कटे दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ देने नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया जावेगा जिसमें 50 पैर कटे भाई बहनों को जयपुर पैर व 50 हाथ कटे दिव्यांगों को कृत्रिम हाथ लगाए जाएंगे। ट्रस्टी जय सांखला व ड्रा योगेश बंगानी ने बताया कि प्रभु भक्ति की श्रृंखला में कल रात्रि निखिल सेठिया व निर्मल पारख की युगलबंदी ने मनमोहक प्रस्तुति दी। आज रात्रि 8:15 बजे से मंदिर प्रांगण में मधुर गायिका अनुषा गोलछा द्वारा दादागुरुदेव इक्तिसा व प्रभु भक्ति प्रस्तुत की जावेगी जिसके लाभार्थी तिलोकचंद शांति अशोक बरड़िया परिवार हैं। प्रतिदिन दादागुरुदेव इक्तिसा जाप व प्रभु भक्ति कार्यक्रम का संयोजन खरतरगच्छ महिला परिषद राष्ट्रीय संगठन मंत्री मंजू कोठारी द्वारा किया जा रहा है।

## मां की ममता और पिता की क्षमता का कोई मोल नहीं है वह अनमोल है : साध्वी सुमंगल प्रभा जी



**दुर्ग ( विश्व परिवार )।** आध्यात्मिक वर्षावास जय आनंद मधुकर रतन भवन दुर्ग में गतिमान है आज पर्यूषण पर्व का पांचवा दिवस था आज महिलाएं केसरिया रंग की साड़ी पहन कर धर्म सभा में सोभायमान थी और पुरुष वर्ग सामाजिक वेशभूषा के साथ धर्म सभा की शोभा बढ़ा रहे थे।

धर्म सभा को को साध्वी सुवृद्धि श्री जी अंत कृत दशाक सूत्र का वर्णन करते हुए भगवान महावीर के जीवन चरित्र का गुणगान करते हुए बहुत ही सुंदर वर्णन धर्म सभा में समझाया धर्म सभा को साध्वी रजत प्रभा ने भी संबोधित किया। मां की ममता और पिता की क्षमता के विषय पर साध्वी सुमंगल प्रभा ने कहा कि माँ से मीठा, माँ से मदिरा, माँ से माखन माँ से मलाई। माँ से मक्का, मों से मंदिर आज हम एक खास बिंदु पर अपने आपको केन्द्रित करने जा रहे हैं। जिसे अग जबान से बोलो तो जबान मीठी हो जाती है कानों से सुनों तो कानों में संगीत की स्वर लहरी या उमड़ आती है। आँरक से देखो तो आँखें गंगा जमना बहाने लगती है। और दिल में अगर धारण करलो तो दिल देवालय आज का पवित्र विषय है। है। हो तो माँ और पिता सोचो। सोचकर सोचो अगर माँना होती। माँ की ममता कहाँ मिलती। जिन्दगी विविध उपकारों की सुनहरी सौगात है। प्रथम श्वास से लेकर आखिरी श्वास तक की अनेकविध सौगातों में सर्वाधिक बेमिसाल उपहार माता-पिता के उपकारों का है। उनके अहसान को चुकाना अत्यंत कठिन है। पृथ्वी के समस्त रजकण एवं समुद्र के तमाम जलकण से भी अनंत गुणा उपकार जन्मदाता का है।

माता-पिता महज जन्मदाता ही नहीं, संस्कारदाता और जीवन निर्माता भी है। उनकी बेहिसाब ममता और सक्रिय सहिष्णुता की बदौलत संतान के जीवन का संरक्षण व संपौषण होता है। माता-पिता अनगिनत कष्टों को भी सहर्ष झेलते हैं। यूँ माता-पिता का बेहद उपकार है इस लिए उनके ऋण से निवृत नहीं हुआ जा सकता। प्रभो महावीर ने भी जन्मदाता के ऋण से ऋण होना दुष्कर बनाया है। अगर एक व्यक्ति प्रतिदिन प्रात:काल अपने माता-पिता को आज जीवन में उत्तम संस्कार, उच्च शिक्षा और बौद्धिक विकास के मनोगम पुष्प खिले हैं तो उसे अंकुरित, विकसित और संकर्धत करने वाली एक मात्र मातृ-पितृ शक्ति ही है।

**भगवान महावीर जन्म कल्याणक का वाचन :** पर्यूषण पर्व के दौरान पांचवें दिवस जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब दुर्ग में भगवान महावीर का जन्म वाचन का अद्भुत आयोजन श्रमण संघ महिला मंडल के सहयोग से आयोजित किया गया जिसमें मंडल की सदस्यों ने भगवान महावीर के जीवन दर्शन पर मंत्र मुक्त कर देने वाली प्रस्तुति दी जिसमें कल्पना ओस्तवाल के संयोजन में नाटिका तैयार की गई थी जिसमें रुचिता बाघमार भावना पारख युक्ति बोहरा का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। **-नवीन संचेती**

## वर्तमान दिगम्बर जैन संतों के सिरमौर सर्वोपरि एवं सर्वमान्य संत हैं आचार्य श्री शांतिसागार जी महाराज : पिठाधीश स्वस्तिश्री रवींद्रकीर्ति स्वामीजी



**नांदणी ( विश्व परिवार )।** प्रथमचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज आज दिगंबर जैन समुदाय में जीतने भी संत है, जिनको दिगंबर परंपरा में मान्यता है। ऐसे लगभग 1700-1800 पिच्छिधारी साधु साध्वियां है। आज ऐसे 1700- 1800 साधु संतों में यदि सिरमौर सर्वोपरि सर्वमान्य कोई संत है तो एक ही है जिनका नाम बींसवीं सदी के प्रथम दिगंबर जैन आचार्य चारित्र चक्रवर्ती श्री शांतीसागर जी महाराज के रूप में इस जगत में जाना जाता है।

आज आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज की जीवनी पढ़ने के लिए मैं आने वाली पीढ़ी को, हर युवा पीढ़ी को, एक ही संदेश देना चाहूंगा कि आप अपने जीवन में चारित्र चक्रवर्ती नामक किताब को एक बार अवश्य पड़े। शांतिसागर जी महाराज की बातें हम सबके बीच हो रही है। शांतिसागर जी महाराज का आचार्य पद का ग्रहण करने का 100 साल हो रहा है। 1924 से 2024 का ये समय है। हम सब उनके गुणगान करना चाहते हैं। निश्चित रूप से आज की युवा पीढ़ी उन आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के बारे में कितना जान पाएंगी हम लोगों के मुखारविंद से लेकिन ऐसी परिप्रेक्ष में आज हम सबके पास पंडित सुमेरचंद्र जी दिवाकर जो एक बहुत ही वरीष्ठ विद्वान रहे। आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के बड़े समीपस्त्र हैं। उनके भक्त रहे। उनके द्वारा लिखी हुई एक चारित्र्य चक्रवर्ती किताब हैं। उस किताब का पठन पठन पाठन हमारे हर युवा पीढ़ी को, बच्चों को, महिलाओं को, बहुओं को, सभी को एक बार अध्ययन अपने जीवन में अवश्य करना चाहिए।

यदि हम जीस प्रकार अपने समाज का शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखरजी को मानते हैं। अयोध्या को मानते हैं, हमारे अनेक कल्याणक तीर्थ होते हैं। हमारे अनेक अतिशय तीर्थक्षेत्र होते हैं। यदि तीर्थ क्षेत्र के साथ में यदी किसी जीवंत तीर्थ को जानना है तो हम सबको आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के बारे में जानना चाहिए।

आज प्रथमचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज जैन समाज के एक जीवंत तीर्थ है। और जिन्होंने आज इस धरती पर मोक्ष का मार्ग प्रशस्त करके हम सबको सच्चा मोक्ष मार्ग और सच्चा ही श्रावक मार्ग जीना सिखाया है। हम सबके लिए आचार्य शांतिसागर जी महाराज का जीवन एक श्रावक होने के नाते यदि हम अपनी बात करें, समाज के हर वर्ग को, हर बच्चे को, हर युवाओं को, किस प्रकार से अपने जीवन को धर्ममय बनाना है, इस बात का भी यदि उपदेश दिया है तो आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज ने दिया है। इसलिए मैं तो कहता हूँ कि श्रमण परंपरा हो, या श्रावक परंपरा हो, आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के उपकार इन दोनों परम्परा पर कभी भूले नहीं जा सकते हैं। आज समस्त साधु संत पूरे देश में जीतने भी हैं। सारे साधु संत आचार्य शांतिसागर जी महाराज के नाम से ही अपना जीवन व्यतीत करते हैं। उनके द्वारा बताये मार्ग से अपना जीवन व्यतीत करते हैं।और एक दूसरे पक्ष में देखा जाए तो आज के जीतने भी श्रावक श्राविकाएं हैं।

यदि सच्चा धर्म अपना रहे हैं अपने जीवन में। उनके जीवन में दी धर्म की सच्ची परिभाषा अवतरित हुई है तो ये आचार्य शांतिसागर जी महाराज का ही उपकार है कि उन्होंने जिन्होंने हमारे मूल जैन आगम ग्रंथों में लिखे हुए सच्चे सिद्धांतों को सच्ची बातों को इस धरती पर बिसवी शताब्दी पर उजागर किया। हम सबके लिए इतने बडे उपकार के योग्य हैं। अविस्मरणीय महापुरुष हैं। ऐसे आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के आचार्य पदारोहन शताब्दी वर्ष पर हम उनके चरणो में शत शत नमन करते हैं।

हमारे अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद कोल्हापूर शाखा के जो वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री अभिषेक अशोक पाटील आचार्य श्री शांतिसागर जी महाराज के प्रती अनंत श्रद्धा रखते हुये जो अपने आलेखोंका जो लेखन कर रहे हैं, संकलन कर रहे हैं, प्रकाशन करा रहे हैं ऐसे श्री अभिषेक अशोक पाटील भी बहोत ही साधुवाद आशीर्वाद के पात्र हैं। जिनके द्वारा ऐसे महान गुरू की प्रभावना में एक बहोत अच्छा एक कदम उठाया गया हैं। उनको भी मैं बहोत ही आशीर्वाद और साधुवाद करता हूं। **-अभिषेक अशोक पाटील**

## शिक्षक दिवस के अवसर पर जैन पाठशाला की शिक्षिकाओं का हुआ सम्मान



**बचपन से ही धर्म के संस्कारों की होती है आवश्यकता : सौरभ जैन सर्वज्ञ**

**धर्म के संस्कारों के बीजारोपण के लिए शिक्षिकाएँ प्रशंसा की पात्र : गौरव जैन नीम**

**झांसी ( विश्व परिवार )।** शिक्षक दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद् विवेकानंद झांसी के अध्यक्ष सौरभ जैन सर्वज्ञ एवम् युवा समाजसेवी व 60 बार के रक्तदाता गौरव जैन नीम ने नगर के कटरा व गुदरी जैन मंदिरों में संचालित होने वाली जैन पाठशालाओं की शिक्षिकाओं का सम्मान किया। इस अवसर पर नैतिक शिक्षा के साथ बच्चों को सरल भाषा के द्वारा जैनधर्म ग्रंथों की प्रारंभिक शिक्षा देने के लिए श्रीमति संगीता जैन (मॉम्स बेकरी), नीतू जैन ओम, मीना जैन पड़रा, राखी जैन, प्रियंका जैन, दीप्ति जैन, अर्चना जैन नयाखेड़ा,सीमा नायक, जयंती जैन, प्रिया जैन, पूजा जैन, आकांक्षा जैन रूबी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सौरभ जैन सर्वज्ञ ने कहा कि भौतिकता की चकाचौंध वाली इस दुनिया में बच्चों को धर्म के संस्कारों के साथ नैतिक शिक्षा मूल्यों की बचपन से ही बहुत आवश्यकता है जिससे वह बड़े होकर अपनी संस्कृति की रक्षा करते हुए धर्म का शंखनाद कर सकें और मानवीय संवेदनाएं और सामाजिक सरोकारों को अपने जीवन में धारण करें। इस मौके पर गौरव जैन नीम ने कहा कि जैन पाठशालाओं की समस्त शिक्षिकाएं प्रशंसा की पात्र है जो अपने व्यस्त गृहस्थ जीवन से समय निकालकर निस्वार्थ भाव से समाज के बच्चों को धर्म के संस्कारों का बीजारोपण कर रही हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार प्रमाणिक जैन पाठशाला की संचालिका संगीता जैन ने व्यक्त किया।

## चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांति सागर विपरीत परिस्थितियों में भी दिगम्बरत्व एवं आगम पर दृढ़ विश्वास के साथ डटे रहें : मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज

**बीसवीं सदी के प्रथम दिगम्बर जैन आचार्य शांति सागर महाराज का समाधि दिवस मनाया**

**मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर शुक्रवार को प्रात: 8.15 बजे होगी धर्म सभा**



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** संत शिरोमणि आचार्य 108 विद्यासागर महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में बुधवार को मीरा मार्ग के आदिनाथ भवन पर बीसवीं सदी के प्रथम दिगम्बर जैन आचार्य शांति सागर महाराज का दीक्षा दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुनि श्री ने कहा कि चारित्र चक्रवर्ती आचार्य शांति सागर महाराज बीसवीं सदी के प्रथम दिगम्बर जैन आचार्य थे जिन्होंने दिगम्बर जैन परम्परा को जीवंत रखा।

मुनि श्री ने आचार्य शांति सागर महाराज के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्तुतियों के माध्यम से अर्घ्य चढवाये। मुनि श्री ने कहा कि आचार्य शांति सागर महाराज ने सदा मूलाचार को अपनाया। जब वह क्षुल्लक दीक्षा में थे तब पहले से निश्चित स्थान पर पुजारियों द्वारा आहार करवाया जाता था, उस समय पडगाहन करना कोई नहीं जानता था। उस परम्परा को तोड़ते हुए मूलाचार में लिखित पडगाहन के द्वारा आहार पर जाने की परम्परा को प्रारम्भ किया। उसके लिए उन्हें उपवास भी करने पडे। जब उनकी मुनि दीक्षा हुई तब विपरीत परिस्थितिया होते हुए भी दिगम्बरत्व पर एवं आगम पल दृढ़ विश्वास के साथ डटे रहे। उन्होंने जिन मंदिरों में अन्य के प्रवेश के कानून का विरोध करते हुए नियम लिया था कि जब तक यह कानून वापस नहीं होगा तब तक मै अन्न ग्रहण नहीं करुंगा। तीन साल से ज्यादा समय बाद जब निर्णय जैन समाज के पक्ष में आया, तब उन्होंने अन्न ग्रहण किया। अपने 45 साल के साधु जीवन में उन्होंने 9338 उपवास किये। मुनि श्री ने कहा कि हम सबको सुमेर दिवाकर द्वारा लिखित चारित्र चक्रवर्ती ग्रन्थ का स्वाध्याय करना चाहिए।

इससे पूर्व आचार्य शांति सागर महाराज, आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की संगीतमय पूजा की गई। आचार्य समय सागर महाराज एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज का अर्घ्य चढाया गया।

समाजश्रेष्ठी अमर चन्द ङ्क अलका, अक्षय ङ्क नेहा छाबड़ा एवं परिवारजनों द्वारा संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के चित्र का जयकारों के बीच अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन किया गया एवं मुनि प्रणम्य सागर महाराज के पाद पक्षालन एवं शास्त्र भेट करने का पुण्यार्जन प्राप्त किया।

समिति के उपाध्यक्ष तेज करण चौधरी, कार्यकारिणी सदस्य अरुण पाटोदी, विजय झांझरी ने अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मानित किया।

समिति के कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन राजभवन वाले एवं कार्यकारिणी सदस्य अरुण पाटोदी ने बताया कि मीरामार्ग के श्री आदिनाथ भवन पर मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में शुक्रवार, 06 सितम्बर को प्रात: 8.15 बजे श्री पार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन किया जाएगा।इस मौके पर आचार्य विद्यासागर महामुनिराज की पूजा एवं मुनि श्री प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन होगें। मुनि श्री की आहारचर्या प्रात: 9:40 बजे होगी। दोपहर में 3.00 बजे शास्त्र चर्चा होगी। गुरुभक्ति एवं आरती सांय 6:30 बजे एवं वैयावृत्ति रात्रि 8:30 बजे होगी।

चातुर्मास समिति से जुड़े हुए विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि मुनि श्री के सानिध्य में मानसरोवर के सामुदायिक केन्द्र सेक्टर 9 पर 8 सितम्बर से 17 सितम्बर तक दशलक्षण महापर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। उस दौरान 10 दिवसीय आत्म साधना शिविर लगेगा जिसमें पूरे देश से 1500 से अधिक श्रावक ङ्क श्राविकाऐ शामिल होगी।

**-विनोद जैन कोटखावदा**

## राजस्थान सरकार की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने लिया आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज का आशीष पर्यावरण संरक्षण जरूरी वसुंधरा राजे



**झालरापाटन ( विश्व परिवार )।** श्री दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में स्थानीय शांतिनाथ जी के बाड़े में आयोजित आनंद यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तपोभूमि प्रणेता पर्यावरण संरक्षक 108 आचार्य प्रज्ञा सागर जी महाराज ने कहा कि राजस्थान राजाओं की धरती है राजा का धर्मनिष्ठ होना जरूरी है वह चाहे कितना भी व्यस्त हो ईश्वर के लिए समय निकालना जरूरी होता है। पद जरूरी नहीं है व्यक्ति का कद बड़ा होना चाहिए राजघराने से संबंध होने के बाद भी वसुंधरा जी का क्षेत्र के लोगों से दिल का संबंध है।

आचार्य श्री ने कहा कि व्यक्ति को परीक्षा से नहीं घबराना चाहिए कभी भी परीक्षा से मुंह नहीं छिपाना चाहिए जो परीक्षा देता है वहीं पास होता है इससे ही पता लगता है कि आप कितने गहरे पानी में है परीक्षा ही मापदंड पैदा करती है। उन्होंने कहा सीता अग्नि परीक्षा देकर, राधा जी ने प्रेम की परीक्षा देकर, पार्वती ने शिव के लिए और वसुंधरा जी ने भी परीक्षा देकर अपने आप को साबित किया।

**जीवों और जीने दो-** आचार्य श्री ने कहा जैन धर्म की मूल भावना जीवों और जीने दो इन चार शब्दों में चार धाम छिपे हैं चारों वेद, अनोयोग इन चार शब्दों में समाहित है जो व्यक्ति इन चार शब्दों को आत्मसात कर लेता है वह चारों धाम क यात्रा कर लेता है।

**चुनौती स्वीकार करें-** आचार्य श्री ने कहा कि व्यक्ति के जीवन में अनेक उतार चढ़ाव आते हैं परंतु उसे हमेशा गतिशील रहना चाहिए चलते रहने वाले की जीत निश्चित है हमेशा मुस्कुराते रहना चाहिए और चुनौतियां को स्वीकार करना चाहिए।

**क्षमा करना सबसे बड़ा धर्म-** आचार्य श्री ने कहा कि 300 धर्म और 3600 संप्रदाय में जैन धर्म मात्र इकलौता धर्म है जो क्षमा पर्व मनाता है क्षमा पर्व झुकना सीखाता है एक परमाणु बम सारी दुनिया मिटा सकता है तो क्षमा दुनिया को मिला सकता है। पेड़ पौधों से इंसान तक जीवन जीना चाहता है धरती को अणुबम की नहीं अणुव्रत की आवश्यकता है। भगवान महावीर ने अहिंसा का अमृत बरसाया है।

**विकसित भारत का संकल्प-** महाराज श्री ने कहा कि परिवार के लिए तो रोजाना जीते हैं सप्ताह में एक दिन या माह में एक दिन राष्ट्र को समर्पित करें। वृक्ष, पर्यावरण, गौ माता का सम्मान करना जीवनचर्या में शामिल करें और सन 2047 में विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए अपना योगदान दें।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि संतों की तपस्या की किरणें हमारे ऊपर पढ़ने से क्षेत्र में खुशहाली और विकास होता है आपने झालरापाटन में चातुर्मास कर हमें कृतार्थ किया आपके पांव निरंतर बार-बार इस धरती पर पड़े तो यहां का उद्धार संभव है धर्म का मूल सिद्धांत अहिंसा होना चाहिए। राजे ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण बहुत जरूरी हो गया है आपके द्वारा इस चातुर्मास को पर्यावरण संरक्षण का नाम देकर एक करोड़ पेड़ लगाने का संकल्प लिया है हमने 21 लाख वृक्ष प्रशासन के माध्यम से लगाने का लक्ष्य तय किया है जिसमें 19 लाख वृक्ष लगाए जा चुके हैं। राजे ने कहा कि जैन समाज से सीख लेना चाहिए समाज का महत्व समझना चाहिए क्षमा मांगने से छोटे नहीं बन जाते हैं और क्षमा मांगने से दिल का बोझ उतर जाता है प्रेम से दिलभर जाता है। राजे ने कहा कि मेरा क्षेत्र के लोगों से दिल का रिश्ता है यह रिश्ता 35 वर्ष पुराना है यहां आकर मुझे ऊर्जा का संचार होता है। संत और परिवार एक साथ हो तो फिर कोई तकलीफ नहीं आती हैइससे पूर्व इंदौर निवासी प्रखर जैन द्वारा मंगलाचरण गीत बधाई हो बधाई सुना कर सभी का मन मोह लिया।

**इनका किया सम्मान-** श्रीमति वसुंधरा राजे, राजस्थान लोक सेवा आयोग के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, लोकसभा प्रभारी छगन माहुर विधायक गोविंद रानीपुरिया, कालूराम मेघवाल पूर्व जिला अध्यक्ष संजय जैन ताऊ, पूर्व विधायक नरेंद्र नागर, निर्मल कुमार सकलेचा सभापति संजय शुक्ला महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रंजीता पांडे भाजपा नेता दिनेश जैन, रामेश्वर पाटीदार, महामंत्री संजय वर्मा, प्रधान भावना झाला पूर्व विधायक निर्मल कुमार सकलेचा का राजेंद्र बागड़िया नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा मनीष चांदवाड़, मुकेश चेलावत, कमल अजमेरा, अशोक चांदवाड़, पंकज कासलीवाल, अनिल पाटनी भूपेंद्र जैन द्वारा आचार्य श्री की तस्वीर, स्मृति चिन्ह भेंटकर अतिथियों का सम्मान किया गया। सभी अतिथियों द्वारा महाराज जी की आरती की गई। कार्यक्रम का संचालन यशोवर्धन बाकलीवाल ने किया और आभार मनीष चांदवाड़ ने व्यक्त किया। **-अभिषेक जैन**

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर धर्मेश कुमार ने नशा मुक्त भारत अभियान के संबंध में संयुक्त विभागीय बैठक ली

**सारंगढ़ बिलाईगढ़,(विश्व परिवार)।** समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान अंतर्गत कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिला स्तरीय समिति की बैठक ली। बैठक में जिले की नशा मुक्ति संबंधी कार्ययोजना के अधीन विभागवार दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने दवाई दुकानों और अन्य संदिग्ध स्थानों में विभागीय जांच और संयुक्त रूप से जांच करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक, वनमंडल अधिकारी, परियोजना निदेशक पंचायत एवं ग्रामीण विकास, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक समाज कल्याण, आबकारी अधिकारी, प्रभारी महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, एसडीएम, एसडीओपी, उप संचालक अभियोजन, नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के अधिकारी, यातायात एवं परिवहन अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास, सभी नगरपालिका अधिकारी, एसडीओ राष्ट्रीय राजमार्ग व लोक निर्माण विभाग, नोडल अधिकारी पशुधन विकास विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी और सभी तहसीलदार उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि समाज कल्याण विभाग ने इस अभियान के संबंध में अगस्त माह में भी जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई थी। प्रभारी अधिकारी समाज कल्याण विनय तिवारी के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के संबंध में विस्तार से बताया गया और नशा मुक्ति के संबंध में शपथ संकल्प दिलाया गया।

### शहरी नेटवर्क से जुड़े 4 नक्सली गिरफ्तार

**नारायणपुर(विश्व परिवार)।** माओवादियों के 20 मार्च 23 को बंद के मामले में ह्न्ढ्ढ ने अबूझमाड़ के घोर नक्सल प्रभावित इलाकों में छापे मारी की। अबूझमाड़ के ओरछा,कस्तूरमेटा, मंडाली और मल्कल गाँव में की एनआईए पहुंची है। तलासी के दौरान नक्सलियों के शहरी नेटवर्क से जुड़े 4 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए की जांच में 35 माओवादियों कें नाम सामने आए हैं। सभी से पूछताछ जारी है। शहरी नेटवर्क से जुड़े 4 नक्सली संगठन को रसद सप्लाई व अन्य काम करते थे। ह्न्ढ्ढ ने प्रेस नोट जारी कर ओरछा लम्बे समय से धरने पर बैठे माड़ बचाओ मंच के नेता लखमा कोर्राम पर माओवादी होने का आरोप लगाया है। एनआईए के प्रेस नोट में बताया गया है कि 20 मार्च 2023 की घटना से संबंधित इस मामले में कुल 35 आरोपियों के नाम हैं, जिसमें प्रतिबंधित संगठन के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने इंडिया गेट रायनार के पास नारायणपुर-ओरछा मुख्य मार्ग को कई हिस्सों में खुदाई करके, पेड़ों को काटकर और कई जगहों पर छोटे-बड़े पत्थर रखकर अवरुद्ध कर दिया था। नाकाबंदी का उद्देश्य पुलिस दलों को मारना और उनके हथियार लूटना था। आरसी-09/2024/एनआईए/आरपीआर मामले में एनआईए की जांच के दौरान कुछ सीपीआई (माओवादी) समर्थकों/ओजीडब्ल्यू के नाम सामने आए थे। माड बचाओ मंच के सदस्य होने का संदेह है, जो सीपीआई (माओवादी) का एक प्रमुख संगठन है, माना जाता है कि उन्होंने अपराध को अंजाम देने में सीपीआई (माओवादी) की सहायता की थी।

### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से महिलाएं हो रही सशक्त

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के अंतर्गत संचालित स्व सहायता समूह से जुडकर जिले की महिलाएं अपना जीवन स्तर सुधार रही हैं। इसकी मिसाल जनपद पंचायत गरियाबंद के ग्राम पंचायत चिखली की रहने वाली पूर्णिमा यादव ने पेश की है। बिहान से जुड़कर उन्होंने कपड़ा दुकान एवं फैंसी स्टोर का संचालन कर लखपति दीदी बनने का सफर तय किया है। उन्हें प्रतिमाह आजीविका गतिविधियों से एक लाख रूपये से अधिक की आय प्राप्त हो रही है। पूर्णिमा यादव आस्था महिला स्व सहायता समूह में जुडने से पहले घर के कामकाज में व्यस्त रहती थी। पहले समूह के बारे में पता नहीं था। गांव में आईसीआरपी दीदियों द्वारा समूह बनाने आये तब पता चला फिर समूह के बारे में जानी और आस-पास दीदियों के साथ मिलकर समूह गठन किया। समूह को आर्थिक सहायता राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना से चक्रीय निधि प्राप्त हुआ। उसके बाद से अब तक सामुदायिक निवेश कोष से 60 हजार रुपये की राशि ऋ्रण के रूप में लेकर छोटी सी आजीविका गतिविधि सेनेटरी पैड एवं फैंसी स्टोर्स का शुरुआत किया गया। पूर्णिमा ने बताया कि इन गतिविधियों से धीरे-धीरे आमदनी बढ़ने लगी जिससे मेरा आत्मविश्वास और बढ़ने लगा। जिसके बाद मैंने बैंक से 30 हजार रूपये की राशि ऋ्रण के रूप में लेकर कपडा दुकान के रूप में नयी आजीविका गतिविधि की शुरुआत किया।

# बस्तर दशहरा की परंपरा, संस्कृति को संरक्षित करना हमारा दायित्व है - सांसद महेश कश्यप

## लक्ष्मण मांझी बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत

### बस्तर दशहरा समिति की हुई बैठक




**जगदलपुर(विश्व परिवार)।** बस्तर दशहरा समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की गई। सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, विधायक चित्रकोट विनायक गोयल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती वेदवती कश्यप,महापौर श्रीमती सफीरा साहू , जिला पंचायत उपाध्यक्ष मणिराम कश्यप,जनपद पंचायत अध्यक्ष टी मरकाम,माटी पुजारी बस्तर राजपरिवार के कमलचंद भंजदेव, कलेक्टर विजय दयाराम के., एसपी शलभ सिन्हा, जिला पंचायत के सीइओ प्रकाश सर्वे, आयुक्त नगर पालिक निगम हरेश मंडावी, तहसीलदार एवं बस्तर दशहरा समिति के सचिव रुपेश मरकाम सहित मांझी,चालकी,मेम्बर, मेम्बरिन,पुजारी और एवं अन्य नागरिक उपस्थित थे। बैठक में नए उपाध्यक्ष का मनोनयन किया गया। जिसमें लक्ष्मण मांझी के नाम का प्रस्ताव रखा गया, जिसे सभी मांझियों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि बस्तर दशहरा हमारी बहुत पुरानी परंपरा और संस्कृति है। हमारे पूर्वजों ने आमचो बस्तर की स्थानीय संस्कृति, रीति- रिवाज, लोक परंपरा को सहेजकर रखा है। हमे भी इस परंपरा- संस्कृति को संरक्षित करना है। संस्कृति को आधुनिकता के प्रभाव से बचाना है और नव पीढ़ी को भी परिचित कराना है। दशहरा में सभी समाज की सहभागिता रहती है। दशहरा में अलग-अलग समाज अपने दायित्व का निर्वहन करते है। इस दौरान विधायक गोयल ने कहा कि विख्यात बस्तर दशहरा पर्व को सब लोग मिलकर उत्साहपूर्वक मनायेंगे। बस्तर दशहरा पर्व के लिए सभी व्यवस्थाओं को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करेंगे। बैठक में माटी पुजारी कमलचंद भंजदेव ने कहा कि दशहरा में क्षेत्र के देवी-देवताओं और विभिन्न समुदायों की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण है।इस पर्व में सभी को आमंत्रण देने की व्यवस्था, मांझी - चालकी की नियुक्ति, देवी देवताओं का आश्रय स्थल की व्यवस्था पर आवश्यक व्यवस्था करने के लिए कहा।

### मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने दिलाई उल्लास शपथ

**सुकमा(विश्व परिवार)।** कलेक्टर श्री एस. हरिस एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन के कुशल मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता सप्ताह के अवसर पर उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम को जिले में साक्षरता का वातावरण निर्माण करने सुकमा जेल में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत उल्लास साक्षरता केन्द्र की स्थापना की गई। जिला शिक्षा अधिकारी श्री जीआर मंडावी ने बताया कि सुकमा जेल में 75 से अधिक ऐसे निरक्षर है जो कि शिक्षा के मुख्यधारा से वंचित है जिसके कारण उनको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जिसका चिन्हांकन कर उल्लास नव भारत भारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत पंजीकृत कर उल्लास प्रवेशिका एवं स्वयंसेवी शिक्षक हेतु मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री गीतेश गीतेश कुमार कौशिक, किशोर न्याय बोर्ड के मजिस्ट्रेट श्री अविनाश दुबे अधिवक्ता श्री कैलाश जैन सुकमा जेल के अधीक्षक श्री राजेश बिसेन, जिला परियोजना अधिकारी श्री एसएस चौहान नोडल अधिकारी अगस्टिन कुमार राम, रिसोर्स पर्सन पुरन नवरत्न एवं राजेश सोनकर साक्षरता प्रभारी गजेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

# पारदर्शी परीक्षा के आयोजन के साथ परीक्षार्थियों की सुविधा का भी रखें ध्यान - कलेक्टर

**कांकेर(विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा के जिले में आयोजन के लिए आज केन्द्राध्यक्षों एवं पर्यवेक्षकों की बैठक सह प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जिले में भर्ती परीक्षा के सफल एवं पारदर्शी आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। ऐसे में परीक्षा के आयोजन के दौरान सभी आवश्यक तैयारी के साथ पूरे सतर्कता बरतें, जिससे किसी भी तरह की चूक की गुंजाइश न हो। उन्होंने कहा कि नये-नये तकनीक और सोशल मीडिया के कारण परीक्षा के दौरान सावधानी बरतनी आवश्यक है। साथ ही परीक्षार्थियों को भी किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें। सभी पर्यवेक्षक गंभीरता से अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करते हुए जिले में पारदर्शी एवं निष्पक्ष परीक्षा के आयोजन कराने में अपना योगदान दें। उन्होंने परीक्षा के दौरान व्यवसायिक परीक्षा मंडल के प्रत्येक दिशानिर्देश का पालन करते हुए सतर्कता के साथ सौपे गए दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा छात्रावास अधीक्षक श्रेणी 'द' भर्ती परीक्षा आगामी 15 सितम्बर दिन रविवार को पूर्वान्ह 12 बजे से दोपहर 2.15 बजे तक आयोजित की जाएगी, जिसमें कुल 18 हजार 151 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थी परीक्षा केन्द्र में फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र के साथ प्रवेश कर सकेंगे। 12 बजे से परीक्षा प्रारंभ हो जाएगी और 12:15 के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बैठक में शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य एवं समन्वयक डॉ. सरला आतरम द्वारा परीक्षा आयोजन की प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही मास्टर ट्रेनर्स द्वारा भी पारदर्शी ढंग से परीक्षा कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक पटेल, सहायक सहायक नोडल अधिकारी संचालक स्कूल शिक्षा श्री लक्ष्मण कावड़े सहित मास्टर ट्रेनर्स एवं परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष तथा पर्यवेक्षक उपस्थित थे।

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की द्वितीय बैठक आयोजित

**गरियाबंद(विश्व परिवार)।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में विगत दिवस जिला सहकारी विकास समिति की द्वितीय बैठक आयोजित किया गया। कलेक्टर ने जिले में सहकारिता से संबंधित कार्यों एवं केन्द्र सरकार द्वारा संचालित सहकार से समृद्धि कार्यक्रम के तहत किये जा रहे कार्यो की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गरियाबंद, अतिरिक्त कलेक्टर जिला गरियाबंद, उप संचालक कृषि, उप संचालक पशुपालन, सचिव एवं संयोजक सदस्य सहायक आयुक्त सहकारिता जिला गरियाबंद, सहायक संचालक मत्स्य पालन विभाग, नोडल अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रायपुर प्रक्षेत्र गरियाबंद भी शामिल हुए। बैठक में सचिव एवं संयोजक सदस्य सहायक आयुक्त सहकारिता जिला गरियाबंद द्वारा भारत सरकार द्वारा संचालित किये जा रहे सहकार से समृद्धि के अंतर्गत जिले में क्रियान्वित किये जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिले में पैक्स कम्प्यूटरीकरण के तहत सभी 67 पैक्स वर्तमान में गो-लाईव हो चुके है। आमजन तक सुलभ बनाने के लिए पैक्स में सीएससी की स्थापना कर 39 प्रकार की सेवाएं प्रारंभ की गयी है। बैंकिंग लेन-देन को सुलभ बनाने के लिए सभी पैक्स में माईक्रो एटीएम की स्थापना की गयी है। जहाँ एक बार में राशि 10 हजार रूपये जमा एवं निकासी की सुविधा उपलब्ध है, जिससे शाखाओं में जाने की जरूरत नही है। पैक्स को बहुआयामी समिति के रूप में विकसित की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केन्द्र योजना की विस्तृत चर्चा के साथ-साथ आरआईडीएफयोजना के तहत 21 पैक्स में कार्यालय सह गोदाम निर्माण पूर्ण होने की जानकारी दी गयी।

### एचडीएफसी बैंक एवं आरोह फाउंडेशन ने जिले के 15 गांवों में लगाई 150 सोलर स्ट्रीट लाइट्स

**सुकमा(विश्व परिवार)।** एचडीएफसी बैंक और आरोह फाउंडेशन द्वारा सुकमा जिले में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 15 चयनित गांवों में 150 सोलर स्ट्रीट लाइट्स को लगाने का काम पूर्ण किया गया है। यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिरता और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परियोजना के तहत स्थापित की गई सोलर स्ट्रीट लाइट्स से गांवों की रात की सुरक्षा और सुरक्षा को मजबूत किया जाएगा। इन लाइट्स की मदद से अंधेरे में आवाजाही सुरक्षित होगी, जिससे सड़क दुर्घटनाओं और जंगली जानवरो के खतरे में कमी आएगी। सोलर तकनीक का उपयोग ग्रामीणों को स्वच्छ ऊर्जा प्रदान करेगा और बिजली की निर्भरता को कम करेगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान देगा। आरोह फाउंडेशन से परियोजना प्रबंधक श्री कुलदीप जोसफने इस अवसर पर बताया कि समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम का उद्देश्य केवल बुनियादी सुविधाओं को प्रदान करना ही नहीं, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, कृषि विकास और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में भी व्यापक सुधार करना है। यह परियोजना सुकमा जिले के समग्र विकास की दिशा में एक नई पहल है, जो स्थानीय समुदायों के जीवन स्तर को उन्नत करने के लिए समर्पित है। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना की और उल्लेख किया कि सोलर स्ट्रीट लाइट्स से रात के समय की सुरक्षा और समुचित रोशनी प्राप्त होगी, जिससे सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

# छत्तीसगढ़ का एकमात्र नगर पंचायत जहां मुक्ति धाम में शव जलाने के लिए उपलब्ध रहती है लकड़ी

**बलरामपुर रामानुजगंज(विश्व परिवार)।** नगर पंचायत रामानुजगंज छत्तीसगढ़ का पहला ऐसा नगर पंचायत है जहां शव जलाने के लिए मुक्ति धाम में ही नगर पंचायत के द्वारा मात्र एक हजार रुपय में प्रयाप्त लकड़ी उपलब्ध कराया जाता है। विगत 8 वर्ष पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की पहल पर यह व्यवस्था शुरू हुई जो अनवरत जारी है। गौरतलब है कि नगर में पहले किसी की मृत्यु होने पर अग्नी संस्कार करने के लिए दुख की घड़ी में वन विभाग के लकड़ी डिपो जाकर लकड़ी लाना पड़ता था डिपो से लकड़ी लाने के लिए वाहन की व्यवस्था करना और वहां से मुक्ति धाम तक लकड़ी लाना बहुत ही परेशानी भरा होता था यहां तक की कई बार ऐसी स्थिति निर्मित हो जाती थी कि शहर में मौत हुई एवं वन विभाग के लकड़ी डिपो में लकड़ी नहीं था ऐसे में कई घंटे के मशक्कत के बाद परिजन लकड़ी की व्यवस्था कर शव का अग्नि संस्कार करते थे। ऐसी परेशानी को देखते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल के पहल पर 1000 में शव जलाने के लिए लकड़ी दिलाने की व्यवस्था मुक्तिधाम में ही कराई गई। नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि नगर में किसी के घर में मृत्यु होने के बाद दुख को घड़ी में लकड़ी का इंतजाम करना काफी मुश्किल होता था जिसे हम लोगों ने महसूस किया। दुख को कम नहीं किया जा सकता है परंतु साझा जरूर किया जा सकता है हम लोगों ने पार्षदों की सहमति से मुक्ति धाम में ही लकड़ी दिलाने की व्यवस्था बनाई लागत करीब 1500 से ऊपर लगता है परंतु 1000 में ही लकड़ी उपलब्ध कराई जाती है विगत 8 वर्षों से अनवरत रूप से यह व्यवस्था चालू है। नगर में दो मुक्ति धाम का कराया गया है निर्माण नगर में दशकों से बस स्टैंड के समीप मुक्तिधाम है जिसे व्यवस्थित स्वरूप नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की पहल पर दिया गया है वही नगर पंचायत अध्यक्ष रमन अग्रवाल की पहल पर नगर के वार्ड क्रमांक 3 में भी मुक्तिधाम का निर्माण करीब एक वर्ष पूर्व कराया गया है।

# जल शक्ति अभियान: कोण्डागांव में महिलाओं ने लिया जल संरक्षण का संकल्प, स्कूली बच्चों ने निकाली रैली




**कोण्डागांव(विश्व परिवार)।** जल शक्ति अभियान: कैच द रेन अभियान के तहत कोण्डागांव नगर में मंगलवार को जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों एवं नगर के विभिन्न स्कूलों के स्कूली बच्चों द्वारा नगर में रैली निकालकर जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। नारी शक्ति से जल शक्ति थीम वाले इस अभियान में जल संरक्षण एवं प्रबंधन में महिलाओं की अहम भूमिका पर बल दिया गया। यह अभियान पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय जल मिशन, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा कायाकल्प विभाग के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है कलेक्टर कुणाल दुदावत और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अविनाश भोई के निर्देशानुसार जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता केपी साहू के मार्गदर्शन में जल संसाधन विभाग एवं शिक्षा विभाग के आपसी समन्वय से आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों को जल संरक्षण हेतु शपथ दिलाई गई। इस दौरान जल संरक्षण सम्बन्धी नारे-स्लोगन लगाए गए और संकल्प लिया गया। महिलाओं ने अपने सामूहिक प्रयासों के माध्यम से जल संसाधनों का संरक्षण प्रभावी रूप से किया है। महिलाओं में अनुकूलन एवं नवाचार करने की क्षमता है, जो जल संसाधन प्रबंधन में एक सकारात्मक बदलाव लाने के लिए अपनी शक्ति एवं क्षमता का प्रदर्शन करती हैं और भावी पीढ़ी के लिए जल के संरक्षण को ज्यादा महत्व देती हैं।

### ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में स्थापित किए जाएंगे व्यायाम शाला

**कांकेर(विश्व परिवार)।** जिले के ग्रामीण एवं शहरी अंचलों में व्यायाम शाला स्थापित कर जिम उपकरण प्रदाय किया जाएगा। खेल अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के अंतर्गत शासकीय विद्यालय, महाविद्यालय, ग्राम पंचायत, विकासखण्ड मुख्यालय एवं नगरीय क्षेत्र में जहां व्यायाम शाला हेतु स्थान उपलब्ध है, वहां व्यायाम के उपकरण स्थापित किए जाएंगे। व्यायाम शाला के लिए स्थल एवं संचालन करने वाली संस्था का चयन जिला स्तरीय व्यायाम शाला समिति द्वारा की जाएगी। उन्होंने बताया कि व्यायाम ऐसे स्थल में स्थापित की जाएगी जहां व्यायाम शाला स्थापित करने हेतु भवन उपलब्ध हो। व्यायाम शाला भवन में योग एवं शारीरिक गतिविधि हेतु पृथक से कक्ष, चेंजिग रूम एवं प्रसाधन कक्ष होना आवश्यक है। व्यायाम शाला संचालन हेतु शासकीय एवं पंजीकृत संस्था को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शासकीय एवं अशासकीय संस्थाएं जो व्यायाम शाला प्रारंभ करने के इच्छुक हैं, उन्हें निर्धारित प्रपत्र में एक सप्ताह के भीतर खेल एवं युवा कल्याण विभाग कार्यालय में निर्धारित समय सीमा में आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदक संस्था के आधिपत्य एवं स्वामित्व में व्यायाम शाला प्रारंभ करने हेतु पर्याप्त आकार के कक्ष उपलब्ध होना चाहिए। संस्था को प्रदाय की गई सामग्री शासकीय संपत्ति रहेगी, जिसका स्थानीय स्तर पर संस्था के माध्यम से सामुदायिक उपयोग किया जाएगा। व्यायाम शाला के रख-रखाव के लिए उचित प्रवेश शुल्क भी निर्धारित किया जा सकता है।

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

दैनिक
# विश्व परिवार



## व्यापार समाचार

### आरडीबी ग्रुप के फिलैंथ्रॉपिस्ट और प्रमोटर विनोद दुगड फैशन एंटरप्रेन्योर फंड में शामिल


**कोलकाता(एजेंसी)।** फैशन एंटरप्रेन्योर फंड (एफईएफ) ने घोषणा की है कि आरडीबी ग्रुप के फिलैंथ्रॉपिस्ट और प्रमोटर, विनोद दुगड प्राथमिक इन्वेस्टर और प्रमोटर के रूप में टीम में शामिल हो रहे हैं। फैशन एंटरप्रेन्योर फंड को हाल ही में रवि जयपुरिया और गौरव डालमिया जैसे प्रसिद्ध व्यवसायियों तथा बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों अक्षय कुमार और करण जौहर से भी महत्वपूर्ण निवेश प्राप्त हुआ है। भारतीय इकोसिस्टम में विनोद दुगड का फैशन, खेल और सीएसआर में विशेष योगदान है, जो समग्र विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने जीतो एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग फाउंडेशन (जेएटीएफ) के अध्यक्ष के रूप में कई उत्कृष्ट कार्य किए हैं और इंटर काशी फुटबॉल क्लब की स्थापना के माध्यम से खेल प्रतिभाओं को भी काफी सहयोग दिया है। इस साझेदारी के प्रति अपना उत्साह व्यक्त करते हुए विनोद दुगड ने कहा, मेरा प्रयास हमेशा ही नई और युवा प्रतिभाओं के विकास में उनका साथ देना रहा है। युवाओं द्वारा रचनात्मक करियर अपनाने में भारत की विविधता बखूबी झलकती है। फैशन एंटरप्रेन्योर फंड, फैशन उद्योग के उद्यमियों को न सिर्फ वित्तीय सहायता, बल्कि आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान करता है, जो उन्हें नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित करने के साथ ही फैशन क्षेत्र को व्यापक रूप से बढ़ावा देता है। हमारा लक्ष्य ऐसे अवसर उत्पन्न करना है, जो युवा प्रतिभाओं को अपने सपने साकार करने और उद्योग के विकास को गति देने में सक्षम बनाएँ। इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए वागीश पाठक, चेयरमैन, और संजय निगम, फाउंडर, फैशन एंटरप्रेन्योर फंड, ने कहा, भारत के फैशन उद्योग को अपने अद्वितीय टेक्सटाइल और शिल्प कौशल के लिए पूरी दुनिया में अलग पहचान प्राप्त है। विनोद दुगर के सहयोग से, एफईएफ का उद्देश्य फैशन उद्यमियों को उनके व्यवसाय को आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए उचित मार्गदर्शन और संसाधन प्रदान करना है, ताकि इस उद्योग को संगठित किया और बढ़ावा दिया जा सके। यह साझेदारी भारत में एक अधिक संरचित और गतिशील फैशन उद्योग स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम को दर्शाती है।

### नई 42 एफजे जावा का जानदार जवाब नए 350 अल्फा2 इंजन से लैस एक बोल्ड नियो क्लासिक

**पुणे :** भारत में 'नियो-क्लासिक' सेगमेंट की अग्रणी कंपनी जावा येज़दी मोटरसाइकिल्स ने जावा 42 लाइफ़सीरीज़ की नवीनतम सदस्य, बिल्कुल नई जावा 42 एफजे को लॉन्च किया है। 42 और 42 बॉबर की सफलता पर आधारित, जावा 42 एफजे 42 लाइफ़ थीम के लिए एक रोमांचक नया अध्याय है, जो बेहतर डिज़ाइन और बेजोड़ राइडिंग अनुभव के प्रति प्रतिबद्धता का जश्न मनाता है। इस मोटरसाइकिल का नाम जावा के दूरदर्शी संस्थापक फ्रांटिसेक जेनेक से प्रेरित है, जिसका उद्देश्य आज के मोटरसाइकिल उत्साही लोगों को एक बोल्ड, आधुनिक राइडिंग अनुभव प्रदान करना है। लाइन-अप में इस नए उत्पाद के साथ, जावा 2024 में इस सेगमेंट के लिए नया बेंचमार्क स्थापित करने के लिए डिज़ाइन, पावर, उपस्थिति और अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण करते हुए बड़ी प्रगति करता है। जावा येज़दी मोटरसाइकिल के सह-संस्थापक अनुपम थरेजा कहते हैं, 2024 जावा 42 मोटरसाइकिल इंजीनियरिंग के लिए हमारे डिज़ाइन-आधारित दृष्टिकोण का प्रतीक है। हमने इस बाइक के साथ अपना समय लिया है। 'कीमत-प्रदर्शन' मैट्रिक्स की सीमाओं को आगे बढ़ाया है और शानदार प्रदर्शन, भव्य रूप और सटीक इंजीनियरिंग का एक बेहतरीन मिश्रण हासिल किया है।

### सैमसंग ने भारत में 4K अपस्केलिंग, एयरस्लिम डिजाइन और नॉक्स सिक्योरिटी के साथ 2024 क्रिस्टल 4K डायनैमिक टीवी लॉन्च किया

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज 41990 रुपये की शुरुआती कीमत पर क्रिस्टल 4K डायनैमिक टीवी लॉन्च किया। यह प्रीमियम टेलीविजन सीरीज दर्शकों के अनुभव नई ऊंचाई पर लेकर जाती है, जिससे उन्हें होम एंटरटेनमेंट के नए युग का आनंद लेने का मौका मिलता है। 2024 क्रिस्टल 4K डायनैमिक टीवी एडवांस्ड तकनीक के साथ आता है जिसमें 4K अपस्केलिंग, एयर स्लिम डिजाइन, डायनैमिक क्रिस्टल कलर, मल्टी वॉयस असिस्टेंट, क्यू-सिम्फनी और क्रिस्टल प्रोसेसर 4K सहित जीवंत विजुअल प्रदान करने वाले फीचर्स शामिल हैं। नया 2024 क्रिस्टल 4K डायनैमिक टीवी क्रिस्टल प्रोसेसर 4K और उत्कृष्ट 4K अपस्केलिंग फीचर्स से संचालित है जो तस्वीर की गुणवत्ता को लगभग 4K डिस्प्ले की तरह बनाता है। इसकी डायनैमिक क्रिस्टल कलर तकनीक रंगों की जीवंत विविधता प्रदान करती है, जिससे उपभोक्ताओं को प्रत्येक शेड का सूक्ष्म विवरण देखने में मदद मिलती है। एचडीआर फीचर देखे जाने वाले कंटेंट के लाइट लेवल को बढ़ाता है, जबकि कंट्रास्ट एन्हांसर फीचर यह सुनिश्चित करता है कि यह अधिक नैचुरल दिखाई दे और बढ़े हुए कंट्रास्ट के साथ अविश्वसनीय रूप से हर बारीकी नजर आये। टीवी का इनबिल्ट मल्टी वॉयस असिस्टेंट उपभोक्ताओं को बिक्सबी या अमेज़ॅन एलेक्सा का इस्तेमाल करते हुए कनेक्टेड होम अनुभव का आनंद उठाने का मौका देता है।



## नवारो ने बडोसा को हराकर पहली बार ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में प्रवेश किया

**न्यूयॉर्क( एजेंसी )।** 13वीं वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने दूसरे सेट में 1-5 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए यूएस ओपन महिला एकल चार्टर फाइनल में स्पेन की पाउला बडोसा को हराकर अपने पहले ग्रैंड स्लैम सेमीफाइनल में जगह बनाई। अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेलते हुए, नवारो ने दूसरे सेट में आश्चर्यजनक वापसी करते हुए 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की और यूएस ओपन के अंतिम चार में प्रवेश किया। यह परिणाम अगले सप्ताह उसकी पहली शीर्ष 10 रैंकिंग की गारंटी देगा। 23 वर्षीय अमेरिकी ने अपना सफल सीज़न जारी रखा है, जिसमें उन्होंने जनवरी में होबार्ट में पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता था। मैच में दोनों खिलाड़ी पूर्व प्रमुख चार्टरफाइनलिस्ट थे जो आगे बढ़ने की कोशिश कर रहे थे। बडोसा को 2021 में रौलां गैरो में अपने पहले स्लैम चार्टरफाइनल के बाद फिर से अंतिम आठ चरण में पहुंचने में तीन साल लग गए, जबकि नवारो ने इस साल यूएस ओपन में अपने विंबलडन चार्टरफाइनल पदार्पण के बाद एक और शानदार प्रदर्शन किया। नवारो ने अंतिम 28 में से 24 अंक जीतकर मैच समाप्त कर दिया। अपने पिछले मुकाबले में, बडोसा ने एक सेट और 2-0 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए इस मई में रोम में नवारो को 1-6, 6-4, 6-2 से हराया। उनका रीमैच 72 मिनट की अधिकांश अवधि में समान रूप से करीबी था। नवारो ने बडोसा पर हावी होते हुए पहला सेट साफ-सुथरा खेला, जिसने 16 अप्रत्याशित गलतियाँ कीं। बडोसा ने अपना शुरुआती सर्विस गेम लगातार डबल फॉल्ट के कारण गंवा दिया और सेट के अंतिम गेम में भी वही गलती दोहराई। रोम की तरह, बडोसा ने दूसरे सेट में भी संघर्ष किया और 5-1 की बढ़त ले ली क्योंकि उसके बैकहैंड ने क्लिक करना शुरू कर दिया था। हालाँकि, 5-2 पर नवारो की मजबूत पकड़ ने एक ऐसे बदलाव को जन्म दिया जिसकी उम्मीद शायद नवारो को छोड़कर बहुत कम लोगों को थी। उन्होंने कोर्ट पर अपने साक्षात्कार में कहा, जब मैं इसे 5-2 पर वापस ले आई, तो मुझे लगा कि यह दो सेट हो सकते हैं।मैं बस सख्त बने रहना चाहती थी और वहीं डटे रहना चाहती थी।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल तीन मैचों का होना चाहिए : नाथन लियोन




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल प्रारूप का एक अनोखा और नया तरीका बताया है, जिसमें उन्होंने कई देशों में तीन मैचों की श्रृंखला खेलने का सुझाव दिया है। उनका मानना है कि एक फाइनल मैच के आयोजन के स्थान पर, जहां श्रृंखला का भाग्य एक ही सत्र पर निर्भर हो सकता है, कई मैचों का फाइनल टेस्ट क्रिकेट की भावना और रोमांच को बेहतर ढंग से दर्शाएगा। आईसीसी ने लियोन के हवाले से बताया, यह कोई टूर्नामेंट नहीं है। जहां आप सेमीफाइनल में पहुंचकर दो गेम हारकर या कुछ और करके नहीं रह सकते। आपको दो साल के चक्र में लगातार अच्छा प्रदर्शन करना होगा। एक चीज जो मैं देखना चाहूंगा, वह यह कि मैं विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल संभावित रूप से तीन मैचों की सीरीज में देखना चाहूंगा। यह थोड़ा बेहतर हो सकता है क्योंकि आप संभावित रूप से एक सत्र में टेस्ट मैच हार सकते हैं, जहां (तीन मैचों की सीरीज में) यह टीमों को वापसी करने, अपना दबदबा दिखाने और 3-0 से जीतने का मौका दे सकता है। वैसे भी हमारे पास समय की कमी है और यह एक चुनौती होगी, लेकिन यह एक चीज है जिसे मैं बदलना चाहूंगा। आप संभावित रूप से इंग्लैंड में एक, भारत में एक, ऑस्ट्रेलिया में खेल सकते हैं। इसलिए आपके पास सभी अलग-अलग स्थितियां होंगी।

## ईशान किशन दिलीप ट्रॉफी से भी हुए बाहर, संजू सैमसन को मौका



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय क्रिकेट टीम के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन दिलीप ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं. टीम इंडिया से बाहर चल रहे किशन को उम्मीद थी कि वे इस टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय टीम में वापसी की राह तलाशेंगे लेकिन उनकी किस्मत ने यहां भी साथ नहीं दिया. ईशान किशन को बीसीसीआई ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली इंडिया डी में शामिल किया था. 5 सितंबर को पहला मैच खेला जाना था लेकिन ईशान पहले मैच से बाहर हो गए हैं. रिपोर्ट के मुताबिक ईशान की बाएं हाथ में चोट लगी है. संभव है वे ओपनिंग मैच के अलावा बाद के मैचों के लिए भी उपलब्ध न हो. उनके विकल्प के रुप में संजू सैमसन के नाम का ऐलान हो सकता है. भारतीय टीम में वापसी के लिए ईशान किशन अब घरेलू टूर्नामेंट में खेल रहे हैं. दिलीप ट्रॉफी से पहले वे बुची बाबू टूर्नामेंट में खेले थे और झारखंड की कप्तानी की थी. ईशान ने इस टूर्नामेंट में शतक जड़ा था. ईशान किशन के सितारे 2024 की शुरुआत से ही ठीक नहीं चल रहे हैं. साउथ अफ्रीका टेस्ट सीरीज से अपना नाम वापस लेने और घरेलू क्रिकेट न खेलने की वजह से बीसीसीआई ने ईशान के खिलाफ कार्रवाई की थी और उन्हें टीम से ड्रॉप करने के साथ ही सेंट्रल कांट्रेक्ट से भी बाहर कर दिया था. बोर्ड जहां लगातार युवा खिलाड़ियों को मौके दे रहा है वहीं ईशान के नाम पर अब विचार भी नहीं किया जा रहा है. ये किशन के लिए खतरनाक है. वे सिर्फ 26 साल के हैं और उनके सामने लंबा करियर है.

## स्पैम कॉल के खिलाफ बड़ी कार्रवाई : दूरसंचार कंपनियों ने 50 संस्थाओं को बैन किया, 2.75 लाख कनेक्शन काटे




**नई दिल्ली( एजेंसी )।** सरकार ने बताया कि स्पैम कॉल और मैसेजों पर अंकुश लगाने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं ने 50 से अधिक संस्थाओं को ब्लॉक कर दिया है और 2.75 लाख से अधिक मोबाइल नंबरों तथा अन्य दूरसंचार संसाधनों के उपभोक्ताओं के कनेक्शन बंद कर दिये हैं। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने पिछले महीने सभी दूरसंचार सेवा प्रदाताओं से अपंजीकृत प्रेषकों या टेलीमार्केटर्स के प्रमोशनल वॉयस कॉल को तुरंत रोकने के कड़े निर्देश दिए थे। इसके बाद दूरसंचार कंपनियों ने यह कदम उठाया है। ट्राई ने कहा, एक्सेस प्रदाताओं ने स्पैमिंग के लिए दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग के खिलाफ सख्त कदम उठाए हैं और 50 से अधिक संस्थाओं को ब्लैकलिस्ट किया है और 2.75 लाख से अधिक एसआईपी डीआईडी/मोबाइल नंबर/दूरसंचार संसाधनों की सेवा बंद की है। दूरसंचार नियामक ने कहा कि इन कदमों से स्पैम कॉल को कम करने और उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने में महत्वपूर्ण प्रभाव की उम्मीद है। ट्राई ने सभी हितधारकों से निर्देशों का पालन करने और एक स्वच्छ तथा अधिक कुशल दूरसंचार पारिस्थितिकी तंत्र में योगदान देने का आग्रह किया। उसने कहा, कोई भी अपंजीकृत टेलीमार्केटर इन संसाधनों का दुरुपयोग करते हुए पाया जाता है तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इसमें दो साल तक के लिए सभी दूरसंचार संसाधनों को डिस्कनेक्ट करना और ब्लैकलिस्ट करना शामिल है। ट्राई ने जनवरी-जून की अवधि में स्पैम कॉल में उल्लेखनीय वृद्धि देखी, जिसमें अपंजीकृत टेलीमार्केटर्स (यूटीएम) के खिलाफ 7.9 लाख से अधिक शिकायतें दर्ज की गईं। इस बीच, नियामक ने यूआरएल, एपीके और ओटीटी लिंक की श्वेतसूची के संबंध में अपने निर्देश का पालन करने के लिए एक्सेस सेवा प्रदाताओं को एक महीने का विस्तार दिया है। ट्राई ने पहले देश के प्रमुख दूरसंचार ऑपरेटरों को 1 सितंबर तक ऐसे संदेशों को विनियमित करने के लिए कहा था।

## सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने पुरुषों की गोला फेंक स्पर्धा में जीता रजत



**पेरिस( एजेंसी )।** भारत ने बुधवार को पदकों का खाता पुरुषों की एफ46 गोला फेंक स्पर्धा में खोला। सचिन सरजेराव खिलाड़ी ने 16.32 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक अपने नाम किया। सचिन बस 0.06 मीटर से स्वर्ण पदक चूक गए। सचिन ने दूसरे प्रयास में ही 16.32 मीटर का थ्रो किया था। हालांकि, वह इससे ऊपर निकलन में कामयाब नहीं हो सके। कनाडा के ग्रेग स्टीवर्ट ने 16.38 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में भारत के मोहम्मद यासेर आठवें और रोहित कुमार नौवें स्थान पर रहे। गोला फेंक के फाइनल में सचिन का पहला प्रयास 14.72 मीटर, दूसरा प्रयास 16.32 मीटर, तीसरा प्रयास 16.15 मीटर, चौथा प्रयास 16.31 मीटर, पांचवां प्रयास 16.03 मीटर और छठा (आखिरी) प्रयास 15.95 मीटर का रहा। उन्होंने 16.32 मीटर के थ्रो के साथ एरिया रिकॉर्ड भी बनाया। यह भारत का पेरिस पैरालंपिक 2024 में 21वां पदक रहा। सचिन ने 2023 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की शॉट पुट एफ46 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।उन्होंने 16.21 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ पदक अपने नाम किया था। उन्होंने 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी भाग लिया , जिसमें उन्होंने इसी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। यासेर का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 14.21 मीटर का और रोहित का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 14.10 मीटर का रहा। पैरा एथलेटिक्स स्पर्धाओं में एफ46 श्रेणी उन लोगों के लिए है जिनकी एक या दोनों भुजाओं की गतिविधि मामूली रूप से प्रभावित है या जिनके हाथ-पैर नहीं हैं। इन एथलीटों को कूल्हों और पैरों की ताकत से थ्रो करना होता है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टी केयर की शुरुआत की: ग्राहकों के स्वामित्व अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक नई पहल

**बैंगलोर:** असाधारण अनुभव प्रदान करके ग्राहकों की अपेक्षाओं से आगे निकलने के अपने निरंतर प्रयास में, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने टी केयर की शुरुआत की घोषणा की। यह एक अभिनव पहल है जिसका उद्देश्य अपने सम्मानित ग्राहकों को एक समग्र स्वामित्व अनुभव मुहैया कराना है। टी केयर एक ही ब्रांड के तहत कई तरह के मूल्य-वर्धित प्रस्ताव के समर्थन को एकीकृत करता है। इस तरह यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहक के साथ हर जुड़ाव टोयोटा के विश्वसनीयता, गुणवत्ता और असाधारण देखभाल के मूल मूल्यों को दर्शाता है। ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण से प्रेरित, टी केयर सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है जो ग्राहक की खुशी को समृद्ध करने और दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को दर्शाता है। प्रीसेल से लेकर आफ्टरसेल और रीपर्चेज तक सब कुछ कवर करते हुए, टी केयर इन पेशकशों को एक एकीकृत ब्रांड के तहत एकीकृत करता है जिसमें कुछ नाम शामिल हैं, टी डिलीवर फ्लैटबेड ट्रक के माध्यम से नई कार की डिलीवरी के लिए अनूठी अंतिम मील लॉजिस्टिक्स लाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वाहन बिल्कुल नई स्थिति में अपने अंतिम टोयोटा टच पॉइंट तक पहुंचें।

टी ग्लॉस ग्राहकों की कारों को हमेशा शीर्ष स्थिति में रखते हुए, एंड-टू-एंड कार डिटेलिंग सेवाएं प्रदान करता है टी वेब टोयोटा वाहन खरीदने के लिए एक उपयोगकर्ता-अनुकूल ऑनलाइन मंच प्रदान करता है, जो ग्राहकों के लिए सुविधाजनक होता है टी सहायता 5 वर्षों तक 24/7 सड़क किनारे सहायता प्रदान करता है। इस तरह ग्राहकों को समय पर सहायता सुनिश्चित होती है

टी सिक्योर अतिरिक्त 2 वर्षों के लिए विस्तारित वारंटी के साथ मन की शांति प्रदान करता है

टी स्माइल अनुकूलन योग्य, परेशानी मुक्त और लागत प्रभावी प्रीपेड रख-रखाव पैकेज प्रदान करता है

टी साथ काम आने वाले पुर्जों की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करता है और इस तरह ग्राहक के करीब पहुंचता है। इससे ग्राहकों को सुविधा मिलती है

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जगदलपुर जिला बस्तर

*मैनुअल निविदा सूचना*

दूरभाष नम्बर-07782-222865 ई-मेलआईडी-eeresjagdalpur@gmail.com

क्रमांक/1857/व.ले.लि./ग्रायांसेवा/2024-25 जगदलपुर, दिनांक 2/09/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु **प्रथम बार** मुहरबंद मेन्युअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपये लाख में) | निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | कार्यालय उद्यान विकास अधिकारी बड़ांजी में नवीन भवन निर्माण विकास खण्ड लोहण्डीगुड़ा | 23.56 | 19.9.2024 |
| 2 | संस्था के शौचालय का जीर्णोद्वार एवं गढ्ढे में मिट्टी भराई का कार्य शासकीय बाल गृह (बालक) जगदलपुर | 10.00 | 19.9.2024 |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा की सम्बधी शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । साथ ही यह जानकारी विभागीय वेब साइट **res.cg.gov.in** से भी दिनांक 12.9.2024. के पश्चात डाउनलोड की जा सकती है ।

G- 242502196/2

**कार्यपालन अभियंता,
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा,
संभाग जगदलपुर**

दैनिक
# विश्व परिवार
## महानगर

www.dainikvishwapariwar.com
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, शुक्रवार 06 सितंबर 2024

### छत्तीसगढ़ में अब तक 934.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (विसं)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2024 से अब तक राज्य में 934.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून 2024 से आज 05 सितम्बर सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1988.6 मिमी और बेमेतरा जिले में सबसे कम 501.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।



## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेशवासियों को दी तीजा तिहार की बधाई

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के प्रमुख लोक तिहार तीजा के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। श्री साय ने सभी तीजहारिन माताओं और बहनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ में तीज, त्यौहारों की एक समृद्ध परम्परा है। यहां हरितालिका तीजा तिहार बड़े ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। माताएं-बहनें तीजा मनाने ससुराल से मायके आती हैं। महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए तीजा पर्व के एक दिन पहले करूभात ग्रहण कर निर्जला व्रत रखती हैं। मान्यता है कि इस व्रत को करने से सुहागिन स्त्रियों को शिव-पार्वती अखंड सौभाग्य का वरदान देते हैं, वहीं कुंवारी लड़कियों को मनचाहे वर की प्राप्ति होती है। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोक पर्वों के संरक्षण, संवर्धन के साथ ही इनके महत्व से आने वाली पीढ़ी को जोड़ना जरूरी है। इसके लिए राज्य सरकार द्वारा जन सहभागिता के साथ लोक पर्वों को उत्साह से मनाया जा रहा है।



### स्वच्छता के लिए जिले में चलेगा अभियान

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** स्वच्छता ही सेवा के तहत जिले को स्वच्छ बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने स्वच्छता अभियान चलाने के लिए कलेक्टोरेट स्थित कलेक्टर सभाकक्ष में जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर स्वच्छता अभियान के लिए कमेटी बनाने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि श्रमदान, जनभागीदारी और सफाई मित्रों की सहभागिता से जिले को स्वच्छ बनाया जाए। उन्होंने कहा कि गंदगी वाले जगहों की जनसहयोग से सफाई कराई जाए। जिन स्थानों पर जैसे सड़कों के किनारे व अन्य स्थानों पर गंदगी की सफाई कराकर पेड़ लगाया जाएं और उन पेड़ों को सुरक्षित भी किया जाएं। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता मित्रों का हेल्थ कार्ड बनाया जाएं और उनकी हेल्थ स्क्रीनिंग की जाएं। साथ ही उन्हें शासकीय योजनाओं का भी लाभ दिलाया जाएं। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छता की भागीदारी के लिए नागरिकों का जुड़ाव अधिक से अधिक होना चाहिए और जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएं। श्रमदान से संपूर्ण क्षेत्र की सफाई सुनिश्चित की जाएं। सफाई मित्र सुरक्षा शिविर के तहत सफाई मित्रों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएं और कल्याण शिविर लगाया जाएं। स्वच्छता ही सेवा के तहत अधिकारियों को शहर व गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए प्रस्तुतिकरण दिया गया।



### श्रीमती दीप्ति खरे का आकस्मिक निधन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कायस्थ पारा निवासी श्रीमती दीप्ति खरे धर्मपत्नी प्रणय खरे का आकस्मिक निधन हो गया।अंतिम संस्कार मारवाड़ी शमशान घाट पर किया गया। 9329021444 आशुतोष सिंह।

# ऐसा काम करें कि आप न बोले, आपका काम बोले : उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

### गृहमंत्री ने पूरी ताकत के साथ आपराधियों के विरूद्ध कठोरता से कार्रवाई के दिए निर्देश, आम नागरिकों से बेहतर व्यवहार के दिए निर्देश

- मादक पदार्थों, जुआ, सट्टा के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई के निर्देश
- कानून व्यवस्था बनाएं रखने तथा सतर्क रहने के निर्देश
- उपमुख्यमंत्री ने बिलासपुर संभाग के पुलिस अधीक्षकों की ली बैठक
- कोरबा और रायगढ़ में डीजल और कबाड़ चोरी को नियंत्रित करने के दिये सख्त निर्देश

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने बिलासपुर पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय में संभाग अन्तर्गत पुलिस महानिरीक्षक सहित रेंज अन्तर्गत बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, जांजगीर-चांपा, सक्ती, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के पुलिस अधीक्षकों की बैठक लेकर जिले में बैठक में लंबित गंभीर अपराधों की स्थिति, ब्लाइंड मर्डर के अनसुलझे मामलों, चाकूबाजी, तलवारबाजी और फायरिंग के मामलों की समीक्षा, लंबित मर्ग के प्रकरणों, राष्ट्रीय और राज्य मानव अधिकार आयोग के लंबित मामलों की स्थिति, महिला और बाल अपराधों के लंबित प्रकरणों पर चर्चा और पीड़ितों को क्षतिपूर्ति देने, मानव तस्करी के लंबित मामलों, गुमशुदा महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के प्रकरणों, अनुसूचित जाति और जनजाति पर घटित अपराधों एवं राहत राशि के वितरण की स्थिति, चिटफंड प्रकरणों की अद्यतन स्थिति, एनडीपीएस अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की जांच की प्रगति और मादक पदार्थों की नष्ट करने की प्रक्रिया, गौवंश से संबंधित अपराधों, वाहन जब्ती और राजसात की कार्यवाही, जिले के कानून व्यवस्था के संबंध में आगामी कार्ययोजनाओं और जिले में लागू की जा रही बेस्ट प्रैक्टिस पर बिन्दुवार समीक्षा की।

गृहमंत्री श्री शर्मा ने सभी पुलिस अधीक्षकों से कहा कि हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि सभी जिलों में कानून व्यवस्था बेहतर होने के साथ आम नागरिकों के बीच पुलिस का व्यवहार ठीक हो और अवैध शराब, नशीली वस्तुओं, सट्टा, जुआ, तस्करी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने पुलिस अधीक्षकों को जिले व सरकार की पहचान बताते हुए कहा कि कुछ बेहतर करने की सोच लेकर आप पुलिस सेवा में आए है। आपने बड़ी जिम्मेदारी ली है, इसलिए आपको जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। आप ऐसा कार्य करें कि आपको ज्यादा न बोलना पड़े, आपका काम बोलें। पुलिस की कार्यवाही दिखे। आम जनता में संतुष्टि दिख। गृहमंत्री ने सभी एसपी को कार्यालय में समय पर बैठकर आम जनता और जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करने के निर्देश भी दिए।



बैठक में गृहमंत्री श्री शर्मा ने पुलिस अधीक्षकों को और मेहनत करने तथा सफलता के लिए शॉर्टकट नहीं अपनाने कहा। उन्होंने सभी को ईमानदारी के साथ कार्य करते हुए अवैध शराब, सट्टा, जुआ सहित अन्य अपराधों के रोकथाम में कसावट लाने के निर्देश दिए। कोरबा और रायगढ़ में डीजल चोरी और कबाड़ चोरी को नियंत्रित करने के सख्त निर्देश सम्बंधित पुलिस अधीक्षकों को दिए। गृहमंत्री ने कबाड़ चोरी की घटनाओं पर अंकुश लाने के लिए कबाड़ियों के चिन्हित कर उन्हें लाइसेंस बनवाने के लिए निर्देशित करने, ड्रग्स अन्तर्गत गांजा, हेरोइन, डोडा अन्य नशीले पदार्थ को जब्त करने के साथ ही इसे सप्लाई करने वाले लोगों तक पहुंचने और कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने एनडीपीएस अन्तर्गत प्रकरणों में समय सीमा के भीतर कार्यवाही करने तथा 31 अगस्त 2024 तक विवेचना पूर्ण हो चुके प्रकरणों के अन्तर्गत उपलब्ध ड्रग्स का विनिष्टिकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में गृहमंत्री ने गौ-तस्करी के प्रकरणों में शासन द्वारा पारी एसओपी के तहत पशु क्रूरता अधिनियम तथा जब्त वाहन को राजसात करने की दिशा में कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने एनडीपीएस अन्तर्गत, तस्करी के तहत अपराध कर संपत्ति अर्जित करने वालों की सम्पत्ति कुर्क करने की दिशा में कार्रवाई के निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर उन्हें नमन किया

### शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों और प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएं

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में पूर्व राष्ट्रपति भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने शिक्षक दिवस के अवसर पर सभी शिक्षकों और प्रदेशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान अपने सभी गुरुओं का स्मरण किया।



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर कहा कि डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन को देशभर में शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। वे महान दार्शनिक और शिक्षक रहे हैं। देश को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने में उनका योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि मैंने जीवन में जो कुछ भी हासिल किया है, उनमें मेरे गुरुओं की बड़ी भूमिका रही है। जीवन के हर पड़ाव में मुझे गुरुओं का आशीष मिला है। जीवन को सही दिशा देने और चुनौतियों से लड़ने के लिए शिक्षक आपको तैयार करते है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक उच्च नैतिक मूल्यों को विद्यार्थियों के जीवन में उतारकर अच्छा नागरिक तैयार करने में अपनी सर्वोच्च भूमिका निभाते है। मुझे विश्वास है कि डॉ. राधाकृष्णन के पदचिन्हों पर चलते हुए देश और समाज को सकारात्मक दिशा देने में आगे भी शिक्षकगण महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

## कांगेर वैली अकादमी में शिक्षक दिवस का आयोजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** 5 सितंबर को सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन् के जन्मदिवस के अवसर पर कांगेर वैली अकादमी में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के मुख्य संरक्षक श्री स्वरूप चंद जी जैन उपस्थित रहे।



यह कार्यक्रम विद्यालय चेयरमैन श्री संजय जैन जी, सचिव श्रीमती राखी जैनजी, विद्यालय के निदेशक के. मोहंती, प्राचार्य श्री अबिजितदास, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्री आशीष कुशवाहा एवं विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओंकी गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अंतरसदनीय लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें रूबी सदन के छात्राओं के द्वारा बंगाली नृत्य, सफायर सदन के छात्राओं के द्वारा मराठी नृत्य, एमरल्ड सदन के छात्राओं के द्वारा राजस्थानी नृत्य घुमर एवं सिट्रन सदन के छात्राओं के द्वारा पंजाबी नित्य भांगड़ा प्रस्तुत किया गया। इस नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रूबी सदन, द्वितीय स्थान पर सफायर सदन, तृतीय स्थान पर एमरल्डसदन एवं चतुर्थ स्थान पर सिट्रीन सदन रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने शिक्षक की भूमिका एवं विद्यार्थियों की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएँ प्रेषित किया। अंत में विद्यालय के निदेशक महोदय के द्वारा वर्तमान समय में शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में होने वाली समस्याओं पर प्रकाश डाला गया।

## कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस

**डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया**



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** कलिंगा विश्वविद्यालय नया रायपुर ने गुरुवार, 5 सितंबर को विश्वविद्यालय के सभागार में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया। यह आयोजन भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के अवसर पर आयोजित किया गया। गणमान्य अतिथियों का स्वागत गमलों में लगे पौधों के साथ किया गया, जिसके बाद दीप प्रज्वलन की रस्म संपन्न हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी के स्वागत भाषण से हुई। डॉ. गांधी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर आधारित एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया, जिससे कार्यक्रम में प्रतिस्पर्धा और आनंद का माहौल बना रहा। इस अवसर पर शिक्षकों ने हिंदी और अंग्रेजी में सुंदर कविताओं का पाठ किया, जिससे उनकी साहित्यिक प्रतिभा का प्रदर्शन हुआ। पासिंग द पार्सल और गिफ्ट रैपिंग जैसे मजेदार खेल भी आयोजित किए गए, जिसमें सभी शिक्षकों और विभागाध्यक्षों ने भाग लिया। इसने कार्यक्रम में हंसी और आनंद की लहर दौड़ा दी। शिक्षकों ने शानदार गीत प्रस्तुत किए, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया, और सभी ने डिस्क जॉकी (डीजे) की धुनों पर झूमते हुए इस कार्यक्रम को और भी जीवंत बना दिया। सभागार खचाखच भरा हुआ था और यह आयोजन कलिंगा विश्वविद्यालय के सभी संकाय और प्रयोगशाला परिचारक के लिए एक यादगार अनुभव बन गया। शिक्षक दिवस 2024 के ये रंगारंग आयोजन शिक्षकों के प्रति आभार और प्रशंसा का प्रमाण थे, जिसने कलिंगा विश्वविद्यालय में इस दिन को यादगार और अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन रजिस्ट्रार और छात्र कल्याण डीन लेफ्टिनेंट विभा चंद्राकर और उनकी टीम द्वारा किया गया।

## आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सेक्शन के मध्य रेल लाइन विस्तार कार्य, कुछ गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** रेलवे प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल के अंतर्गत आगरा कैंट-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सेक्शन के मध्य विभिन्न स्टेशनों में रेल लाइन के विस्तार का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से संबन्धित निम्न यात्री गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलेगी।



परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियां- दिनांक 05 से 12 सितंबर 2024 को अमृतसर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18238 अमृतसर - बिलासपुर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया मेरठ सिटी-खुर्जा-मितावली-आगरा फोर्ट-बयाना-सोगरिया-रुठियाई-बीना के रास्ते बिलासपुर पहुंचेगी। दिनांक 13 से 16 सितंबर 2024 को कोरबा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18237 कोरबा-अमृतसर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बीना-रुठियाई-सोगरिया-बयाना-आगरा फोर्ट-मितावली-खुर्जा- मेरठ सिटी के रास्ते अमृतसर पहुंचेगी। दिनांक 13 सितंबर 2024 को विशाखापटनम से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 20807 विशाखापटनम-अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया नई कटनी जंक्शन-मानिकपुर-प्रयागराज-गोविंदपुरी-टूण्डला-गाजियाबाद-नई दिल्ली के रास्ते अमृतसर पहुंचेगी।

## एनआईटी रायपुर, राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (NITTTR), भोपाल, मध्य प्रदेश ने संस्थागत सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर (एनआईटी रायपुर) और राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर), भोपाल, मध्य प्रदेश ने आपसी सहयोग और अनुसंधान के अवसरों को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए 05 सितंबर 2024 को एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यु.) पर हस्ताक्षर किये। इस समझौता ज्ञापन पर डॉ. (प्रो.) एन. वी. रमना राव, निदेशक, एनआईटी रायपुर और डॉ. (प्रो.) सी. सी. त्रिपाठी, निदेशक, एनआईटीटीटीआर, भोपाल द्वारा हस्ताक्षर किये गए। इस दौरान डॉ. पराग दुबे, प्रोफेसर, एनआईटीटीटीआर भोपाल, डॉ. श्रीश. वर्मा, डीन (अकादमिक), डॉ. प्रभात. दीवान, डीन (अनुसंधान और परामर्श), और डॉ. देबाशीष सान्याल, डीन (संकाय कल्याण), डॉ टी. मीनपाल, विभागाध्यक्ष, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, डॉ. चित्रकांत साहू और डॉ. ए. कुमार एम. ओ. यु. नोडल अधिकारी और फैकल्टी मेम्बर्स मौजूद रहे।



इस समझौता ज्ञापन का प्राथमिक उद्देश्य सेमीकंडक्टर पैकेजिंग और ओएसएटी के क्षेत्रों में उन्नत सहयोगी अनुसंधान के उद्देश्य से एनआईटी रायपुर और एनआईटीटीटीआर भोपाल के बीच सहयोग और सहभागिता स्थापित करना है। अपनी बौद्धिक क्षमताओं का लाभ उठाकर, दोनों संस्थानों के संकाय सदस्य उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुसंधान और शिक्षण के लिए कौशल वृद्धि प्रणाली विकसित करने के लिए मिलकर काम करेंगे। समझौता ज्ञापन की शर्तों के तहत, दोनों संस्थान अपनी महत्वपूर्ण अनुसंधान एवं विकास सुविधाओं को साझा करने के लिए सहमत हुए हैं। संस्थान संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं के अवसरों की खोज करेंगे और उनके लिए बाहरी वित्त पोषण की तलाश करेंगे। संस्थान छात्रों को वर्तमान उद्योग व्यवस्था के लिए तैयार करने और प्रशिक्षण देने में सक्रिय रूप से शामिल होंगे। छात्रों की इंटर्नशिप के लिए संस्थानों द्वारा आवश्यक समर्थन और सहायता भी प्रदान की जाएगी। दोनों संस्थानों में आपसी रुचि और उपलब्ध विशेषज्ञता के आधार पर अल्पकालिक पाठ्यक्रम, प्रशिक्षण कार्यक्रम, सेमिनार, कार्यशालाओं और सम्मेलनों जैसी संयुक्त शैक्षणिक गतिविधियाँ भी कराइ जाएगी।

यह समझौता शुरू में 5 साल के लिए वैध है और दोनों पक्षों की आपसी सहमति से इसे बढ़ाया जा सकता है। यह समझौता ज्ञापन तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान और उद्योग सहयोग में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए दोनों संस्थानों की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह रणनीतिक साझेदारी निस्संदेह दोनों संस्थानों के विकास में योगदान देगी और छात्रों व फैकल्टी मेम्बर्स को लाभान्वित करेगी।

## 9 सितंबर को प्रदेश में बलराम जयंती-किसान दिवस मनाया जाएगा

**रायपुर।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, छत्तीसगढ़ शासन तथा भारतीय किसान संघ छत्तीसगढ़ प्रान्त के संयुक्त तत्वावधान में कृषि के देवता माने जाने वाले भगवान श्री बलराम जी की जयंती 9 सितम्बर, 2024 को भगवान श्री बलराम जयंती-किसान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कृषि महाविद्यालय, रायपुर के कृषि मण्डपम में दोपहर 12:00 बजे आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री श्री दिनेश कुलकर्णी हांगे।










प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354